RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 343 | सीकर, सोमवार 09 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## भागवत बोले : संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा

### कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है; सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी

मुंबई।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है।

भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी।

### भागवत की स्पीच की 6 बड़ी बातें

- समान नागरिक संहिता सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए।
- उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।
- घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा।
- आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए। सही समय पर और सीमित मात्रा में।
- संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। आरएसएस के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो।
- संघ की कार्यप्रणाली में अंग्रेजी कभी मुख्य भाषा नहीं बनेगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। जहां जरूरत होती है, वहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाता है। हमें अंग्रेजी सीखनी चाहिए, लेकिन मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

## 10 शहरों का न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में

### हल्की गर्मी ने बढ़ाई मौसमी बीमारियां; दिन का पारा 32.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

जयपुर।

राजस्थान में लगातार तापमान बढ़ने से दिन में सर्दी का असर लगभग खत्म हो रहा है। शनिवार को हनुमानगढ़, सिरोही को छोड़कर शेष सभी जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी 15 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और तापमान इसी तरह का बरकरार रहने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सभी जगह आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। लगातार दूसरे दिन बाड़मेर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा पाली, जालोर और जोधपुर ऐसे शहर रहे, जहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हनुमानगढ़ और सिरोही को छोड़ दे तो शेष सभी शहरों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

#### दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा

तापमान अधिक और तेज धूप रहने से लोगों को अब हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। इस कारण लोग अब दिन में गर्म कपड़े न पहनकर सामान्य कपड़ों में रह रहे है। कल जयपुर में दिन में तेज धूप रहने से यहां अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिलानी में अधिकतम तापमान 28.9, अजमेर में 28.3, जैसलमेर में 29.2, चित्तौड़गढ़ में 29.6, बीकानेर में 29.2, नागौर में 29, डूंगरपुर में 29.4, दौसा में 28.7, चूरू में 28.6 और भीलवाड़ा में 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### मौसमी बीमारियों का सीजन

एसएमएस हॉस्पिटल के डॉक्टरों के मुताबिक, अचानक दिन में तेज गर्मी होना और सुबह-शाम तेज सर्दी मौसमी बीमारियों को बढ़ा रहे हैं। इन दिनों ओपीडी में सर्दी, जुकाम और वायरल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों के मुताबिक, वातावरण में हल्की नमी होने और तापमान में बड़ा उतार-चढ़ाव होना वायरल इंफेक्शन को बढ़ाने के लिए अनुकूल मौसम होता है।

## पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने जयपुर में खेला गोल्फ

### अर्जुन कुच्छल ने जीती ओवरऑल ग्रॉस विनर रोलिंग ट्रॉफी

जयपुर।

जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित पी. एम. रुंगटा मेमोरियल गोल्फ कप 2026 में दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। एक दिवसीय इस प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट में अर्जुन कुच्छल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ग्रॉस विनर रोलिंग ट्रॉफी अपने नाम की। टूर्नामेंट में करीब 143 गोल्फर्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न श्रेणियों और हैंडीकैप कैटेगरी के विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में बिजनेस जगत, उद्योग, न्यायपालिका, सेना और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गोल्फर्स ने भाग लिया।

# आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं : मोदी

### कहा : तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती है; दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया

कुआलालंपुर.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का मलेशिया दौरा कर वापस लौट आए हैं। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे।' पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, %मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।' पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया।

#### पीएम मोदी ने 10वें सीईओ फोरम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों (बी2बी कनेक्शन्स) की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।



## जोधपुर की अनदेखी पर गहलोत ने सीएम को लिखा लैटर

### उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड पर वित्त मंत्री के बयान को बताया गलत और भ्रामक

जयपुर।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज सीएम भजनलाल शर्मा को जोधपुर के विकास कार्यों में देरी और अनदेखी पर पत्र लिखा। लैटर में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- जोधपुर शहर की ऐतिहासिक विरासत और बुनियादी ढांचे को लेकर मैं काफी चिंतित हूं। शहर के प्राचीन तालाबों के संरक्षण और सीवरेज व्यवस्था को लेकर पूर्व में जो योजनाएं बनाई गई थीं, उनकी वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है। गहलोत ने सीएम से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित में इन परियोजनाओं को गति दे और आगामी बजट में उचित प्रावधान करे।

**सीवरेज और ऐतिहासिक तालाबों की उपेक्षा**-गहलोत ने पत्र में बताया कि जोधपुर की सीवरेज व्यवस्था के सुधार के लिए बनाई गई 300 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण योजना वर्तमान में जांच के नाम पर लंबित है। इसके कारण शहर में जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर हो गई है। साथ ही, उन्होंने रानीसर, पदमसर, गुलाबसागर और फतेहसागर जैसे ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण हेतु पूर्व स्वीकृत राशि को तुरंत जारी करने की मांग की।

**अधूरे स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स और लाइब्रेरी**-पूर्व मुख्यमंत्री ने युवाओं से जुड़ी परियोजनाओं के प्रति सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाए। उन्होने लिखा- स्टेट स्पोर्ट्स आवासीय सेंटर लगभग 100 करोड़ की लागत से बनकर तैयार है, लेकिन 3.8 करोड़ की बजट राशि की फाइल लंबित होने के कारण स्वीमिंग पूल और इंडोर हॉल का काम अधूरा है। नवनिर्मित हॉस्टल्स का हैंडओवर न होने के कारण खिलाड़ी जर्जर भवनों में रहने को मजबूर हैं। सुमेर पब्लिक लाइब्रेरी का नया भवन तैयार है, लेकिन बजट और स्टाफ के अभाव में इसका संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है।

**देश की वित्त मंत्री का बयान भ्रामक और गलत**-इससे पहले गहलोत ने आज उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के संसद में दिए बयान को तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह गलत एवं भ्रामक बताया। गहलोत ने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि घटना के तुरंत बाद राजस्थान पुलिस ने एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था। फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। तब से आज दिन तक कन्हैयालाल जी का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है। गहलोत ने लिखा वित्त मंत्री उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए कह रही हैं कि कोई एक्शन नहीं लिया गया।

#### रामगढ़ में ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन

## वीबी जी राम जी कानून से गांवों का बुनियादी ढांचा होगा मजबूत : सीएम शर्मा




जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, श्रमिक और पशुपालकों सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकार स्वयं पात्र लाभान्वितों तक पहुंच रही है और संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। श्री शर्मा रविवार को रामगढ़ के ग्राम बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अलवर शहर के लिए 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े लोकार्पण और शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

#### गांव बन रहे आत्मनिर्भर और सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में देश की आत्मा बसती है। इसी मूल मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की रूपरेखा बनाई है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गांवों को खुले में शौच से मुक्ति मिल रही है।

वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान और जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के कार्य किए जा रहे हैं।

#### विकसित भारत का संकल्प होगा साकार

श्री शर्मा ने कहा कि वीबी जी राम जी कानून में ग्रामीणों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस कानून के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ और आधुनिक तकनीक के माध्यम से होंगे, जिससे श्रमिकों की मजदूरी सीधे उनके खाते में पहुंचेगी। स्थायी संपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांवों का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में नरेगा की खामियों को दूर किया गया है। यह कानून विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले-पंचायत निकाय चुनाव में शिक्षा की बाध्यता रखेंगे

**पाली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है- सरकार की मंशा है कि पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों में शिक्षा की बाध्यता रखी जाए। वहीं दो से अधिक संतानों की बाध्यता नहीं होगी। राठौड़ रविवार को अपने पाली स्थित अपने आवास पर थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बात कही। दरअसल, इससे पहले कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा ने सदन में सवाल किया था कि क्या सरकार नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और संतान संबंधी प्रावधानों में संशोधन करने का विचार रखती है? इस पर 4 फरवरी को सरकार की तरफ से सदन में दिए जवाब में लिखा गया था कि सरकार का नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 21 में प्रावधान हैं, जिनमें शैक्षणिक योग्यता के संबंध में कोई नियम नहीं है। ऐसे में शैक्षणिक योग्यता के लिए नियमों में संशोधन किए जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने राज्य बजट को लेकर कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अच्छा काम कर रही है। बजट भी अच्छा होगा। कांग्रेस के राज में किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलती थी, अब 24 घंटे बिजली मिल रही है। पाली से दिल्ली के लिए रात्रिकालीन ट्रेन भी जल्द शुरू होगी।

## जैन दीक्षा समारोह आयोजित


निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** जैन विश्व भारती स्थित सुधर्मा सभा में आचार्यश्री महाश्रमण के पावन सान्निध्य में भव्य जैन दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अवसर पर सादुलपुर निवासी, गोल्ड मेडलिस्ट खुशी सुराणा ने सांसारिक जीवन का त्याग कर समणी दीक्षा ग्रहण की।



दीक्षा समारोह के दौरान आचार्यश्री महाश्रमण ने जनसभा में उपस्थित साध्वियों एवं जैन श्रद्धालुओं को जैन धर्म में दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीक्षा आत्मशुद्धि, संयम और मोक्ष की ओर अग्रसर होने का मार्ग है। यह त्याग, तपस्या और आत्मकल्याण का पथ है। समिति सदस्य आलोक खटेड ने बताया कि आचार्यश्री तुलसी की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए तेरापंथ धर्म के वर्तमान आचार्य गुरुदेव महाश्रमण ने खुशी सुराणा को अध्यात्म के पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और उपलब्धियों से परिपूर्ण जीवन के बाद भी अध्यात्म का चयन करना प्रेरणादायी रहा है। दीक्षा समारोह में प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड, सलील लोढ़ा, राजकुमार चौरड़िया, सुरेन्द्र घोषल, राकेश कठौतिया, संयोजक धर्मचंद लुंकड़, अमरचंद लुंकड़ सहित मुमुक्षु बहनें एवं तेरापंथ समाज से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कोबरी-सार



## एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 अन्तर्गत प्रदत्त परिलाभों हेतु ऑनलाईन पोर्टल शुरू

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश सरकार की एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 अन्तर्गत प्रदत्त परिलाभों हेतु ऑनलाईन पोर्टल शुरू किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा एक जिला - एक उत्पाद के रूप में स्थानीय उत्पादों का चयन कर उन्हें बढ़ावा देने, स्थानीय निवेश, निर्यात एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा उत्पाद से संबंधित कामगारों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024 लागू की गई है। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि चूरू जिले में एक जिला एक उत्पाद के रूप में लकड़ी के उत्पादों का चयन किया गया है। एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024 के प्रावधानों के अनुसार नवीन सूक्ष्म उद्यमों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत (अधिकतम 15 लाख रुपए) एवं लघु उद्यमों को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत (अधिकतम 20 लाख रुपए) मार्जिन मनी अनुदान निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्पाद के विपणन हेतु देश-विदेश में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मेले अथवा प्रदर्शनी में भाग लेने पर स्टॉल रेन्ट अनुदान व आवागमन हेतु अधिकतम 2 लाख रुपए तक की सहायता, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों से उन्नत प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर अधिग्रहण हेतु किए गए व्यय पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 05 लाख रुपए) तक सहायता, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रमाणन प्राप्ति तथा बौद्धिक संपदा अधिकार हेतु व्यय पर 75 प्रतिशत (अधिकतम 3 लाख रुपए) तक की पुनर्भरण सहायता, ई-कॉमर्स के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु 02 वर्ष तक प्लेटफॉर्म फीस का 75 प्रतिशत (अधिकतम 01 लाख रुपए प्रतिवर्ष) तक पुनर्भरण, कैटलॉग सेवाओं के लिए और पूरी तरह कार्यात्मक लेनदेन वाली ई-कॉमर्स वेबसाईट के विकास के लिए कुल व्यय पर 60 प्रतिशत (अधिकतम 75 हजार रुपए) तक की एकमुश्त सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वुडन उत्पाद विनिर्माता इकाईयों द्वारा एसएसओं के माध्यम से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन उपरांत इकाई द्वारा इसी पोर्टल के माध्यम से ही परिलाभों हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। आदिनांक तक जिले की 36 वुडन मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को मार्जिन मनी असिस्टेंस, मार्केटिंग असिस्टेंस, वेबसाइट डेवलपमेंट एवं प्लेटफार्म फीस पुनर्भरण से संबंधित सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त राजस्थान एक्सपोर्ट पॉलिसी एवं राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024 में मिलने वाले परिलाभों हेतु भी ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01562-250936 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना : चूरू जिला 427 आवेदनों के साथ प्रदेश में अग्रणी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित करते हुए उनके कौशल को बढ़ाने का काम कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत सभी वर्गों के पात्र व्यक्तियों को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार आधारित नवीन उद्यमों सहित स्थापित उद्यम के विस्तार, विविधीकरण या आधुनिकीकरण हेतु ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, जिस पर राज्य सरकार द्वारा मार्जिन मनी तथा शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं सीजीटी फीस का पुनर्भरण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि योजना की पात्रता में आवेदक राजस्थान का मूल निवासी, उम्र 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना अन्तर्गत 08 वीं से 12 वीं कक्षा पास आवेदक को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में 3.5 लाख रुपए एवं विनिर्माण क्षेत्र में 7.5 लाख रुपए तक की अधिकतम ऋण सीमा होगी, जिसमें ऋण राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 35000 रुपए मार्जिन मनी सहायता तथा ग्रेजुएट/आईटीआई/प्रमाण पत्र धारक आवेदक को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में 5 लाख रुपए एवं विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रुपए तक की अधिकतम ऋण सीमा होगी, जिसमें ऋण राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 50000 रुपए की मार्जिन मनी सहायता प्रदान की जाएगी। योजनान्तर्गत एसएसओ पोर्टल पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आइकन के माध्यम से आनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि आदिनांक तक पोर्टल के माध्यम से जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चूरू में कुल 427 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जो कि सर्वाधिक हैं। उन्होंने बताया कि योजना अन्तर्गत परियोजना लागत, ऋण का स्वरूप, इकाई का स्वरूप, संबंधित वित्तीय संस्थानों आदि जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चूरू में सम्पर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**खण्डेला ( नवयत्न )।** रविवार को कस्बे के धीरजगढ़ खेल मैदान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व रावत धर्मशाला से चौपड़ बाजार व बस स्टैंड होते हुए विशाल कलश यात्रा एवं दुपहिया वाहन रैली निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए धीरजगढ़ खेल मैदान पहुँची। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। धीरजगढ़ खेल मैदान में संतों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं ने हिन्दू संस्कृति, परंपराओं एवं गौरवशाली इतिहास पर प्रेरक उद्बोधन दिए और समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में घनश्यामदास महाराज चारोड़ा, मधुरीशरण महाराज, विमलेश नाथ महाराज, रामनाथ योगी, अवधेश दास महाराज, गणेश दास महाराज, मोहन गिरी महाराज सहित कई लोग मंच पर मौजूद रहे।

### भागवत कथा व नानी बाई को मायरा का शुभारंभ आज

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में संत होशियार नाथ महाराज की बगीची में भागवत कथा व नानी बाई रो मायरो का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। बगीची के संत रुद्र नाथ महाराज ने बताया कि आज सुबह सवा 9 बजे ठाकुरजी मन्दिर से कलश यात्रा रवाना होगी जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए होशियार नाथ महाराज की बगीची कथा स्थल पहुँचेगी। जहाँ पर सींथल के कथा वाचक मुकेश महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन 12 बजे से 4 बजे तक रहेगा। वहीं रात्रि को 8 बजे से 10 बजे तक रामनिवास सिरसा के द्वारा नानी बाई रो मायरो का वाचक किया जाएगा । महाशिवरात्रि 15 फरवरी को रात्रि जागरण का आयोजन होगा तथा 16 फरवरी को सुबह हवन व महाप्रसादी भक्तों को वितरण की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर कथा स्थल पर तैयारियां जोरों से चल रही है।

# भव्य कलश यात्रा व यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

## हिंदुत्व ही रखेगा विश्वबंधुत्व की आधारशिला : भगत सिंह

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** किसान कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में मुकुंदगढ़ ब्रह्म बगीची पीठाधीश्वर शैलेन्द्र नाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित पीरू सिह बस्ती के विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए संघ के जिला प्रचारक भगत सिंह ने कहा कि हमारी वेशभूषा, भाषा, भोजन व संस्कृति हमारे लिए गर्व का विषय है। भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है और हिंदुत्व ही विश्वबंधुत्व की आधारशिला रखेगा। उन्होंने कहा कि झुंझुनू शहर की 18 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं और इसी प्रकार पूरे भारत वर्ष में लगभग एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन हो रहे है। प्रत्येक भारतवासी हिन्दू समाज का व्यक्ति भारत के स्व को पहचाने। हमारी वेशभूषा, भाषा, भोजन व संस्कृति हमारे लिए गर्व का विषय है । प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य और निष्ठा से अनुशासन का पालन करे उसी से भारत बेहतर बनेगा। सामूहिक परिवार, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, स्व का बोध आदि कर्तव्यों को हिंदू समाज आगे बढ़कर अपनाए। हर व्यक्ति स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए। स्वदेशी जीवनशैली भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज बनेगी। उन्होंने जातीय भेदभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि जातिभेद हिन्दू धर्म का भाग नहीं है ये बाद में आयी हुई परिस्थितिजन्य बुराई है। हिन्दू समाज में जाति मात्र एक सामाजिक व्यवस्था है यह किसी से दुर्व्यवहार का आधार नहीं हो सकती। इस बुराई को दूर भगाना प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है। हिन्दू जीवन पद्धति से प्रकृति का संवर्धन और संरक्षण संभव है। हिन्दू समाज को अपने पूर्वजों के मार्ग पर लौटने की आवश्यकता है। भगत सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज के स्व अनुशासन एवं एकता से ही निकलेगा कृण्वन्तो विश्वार्यम का मार्ग। इनके अलावा विराट हिंदू सम्मेलन को संत शैलेंद्र नाथ महाराज व साध्वी साक्षी ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण समिति सचिव रामगोपाल शर्मा ने दिया व धन्यवाद भाजपा नेता कमल कांत शर्मा ने दिया जबकि संचालन हेमंत सोनी ने किया। स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा हुई जिसमें बड़ी संख्या में बस्ती की मातृशक्ति एवं गणमान्य पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए पीरू सिंह बस्ती के समिति अध्यक्ष विनोद पुजारी ने बताया कि रविवार को सुबह सवा 9 बजे किसान कॉलोनी श्री हनुमान मंदिर परिसर से पाँच सौ से अधिक महिलाओं ने डीजे, घोड़ी, ऊँट, भगवा ध्वज के साथ भजनों व देश भक्ति गीतों पर झूमते गाते कलश उठाए। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ श्री हनुमान मन्दिर से जिला प्रचारक भगत सिंह के आतिथ्य में हुआ। यात्रा किसान कॉलोनी, विवेक नगर, किसान द्वार, न्यू कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: सम्मेलन स्थल श्री हनुमान मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह बस्ती वासियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के बाद ग्यारह महिलाओं को लॉटरी के माध्यम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पंडित हिमांशु एवं प्रांशु के आचार्यत्व में यज्ञ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर रविंद्र स्कूल संचालक नरेंद्र कुमार, विजडम स्कूल संचालक विनोद सिंह राठौड़, समिति संरक्षक रामचन्द्र शर्मा पटोदा, रतनलाल, कैलाश कुमावत, सांवरमल सोनी, सुरेश बंशल, सुधीर चाहर, मनोज कुण्डलवाल, नरेंद्र शर्मा, धर्मपाल कुमावत, बबलू कुमासिया, विजय कुमावत, योगेश बंशल, महेश कुमावत, गुमानसिंह, बजरंग अग्रवाल, कपिल सहित सैकड़ों की संख्या में बस्ती के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## भजन संध्या में झूमे भक्त



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नटखट मंडल द्वारा 13 वीं निशान पदयात्रा के दौरान विशाल भजन संध्या का आयोजन राधाकिशनपुरा में स्थित भारत भूषण अग्रवाल के निवास पर किया गया। मंडल समिति सदस्य बाबूलाल अग्रवाल ने बताया रात्रि में दिव्य ज्योति व प्रभु श्रीश्याम के अलौकिक श्रृंगार के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। समिति सदस्य कमल पटवारी व संजय अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष फाल्गुन माह में श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी मेले के तहत मंडल की ओर से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। यह 13 वां महोत्सव अनेक नवाचारों के साथ आयोजित किया गया। समिति सदस्य गोवर्धन अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल ने बताया इस अलौकिक भजन संध्या में भजन गायक अमित खंडेलवाल व ताली कीर्तन टीम से मनोज पंजाबी द्वारा मनमोहक भजनों की फाल्गुन की धमाल घुंघटियो आडे आग्यो रे, सेठानी खाटू में चाली, लगा दे मोर छड़ी का झाड़ा प्रस्तुति से बाबा श्याम के दरबार में सभी भक्तजन झूम उठे। समिति सदस्य नवरंग अग्रवाल, संतोष पटवारी ने बताया परिवार की पटवारी महिला मंडल द्वारा बाबा श्याम का आलौकिक दरबार सजाया गया। श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार श्यामपुरा बालाजी इवेंट से दीपांशु मित्तल द्वारा किया गया। नटखट श्याम मंडल समिति के सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल, एलबी अग्रवाल, गौरी शंकर मित्तल, जितेंद्र खेतान, विनोद पटवारी, अनुराग अग्रवाल, सुशील मित्तल, जयंत अग्रवाल ने विशाल भजन संध्या में आमंत्रित भजन गायकों का सम्मान व स्वागत किया।

## स्कूटी सवार युवती ने वृद्ध को मारी टक्कर

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में सड़क किनारे चल रहे वृद्ध को स्कूटी सवार युवती ने टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। घायल को राजकीय जालान जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। मामले के अनुसार ग्राम जालेऊ निवासी 73 वर्षीय रेवंतसिंह पैदल जा रहे थे।

इसी दौरान ग्राम की एक युवती स्कूटी सीख रही थी, जिसने रेवंतसिंह के पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर में चोट आई है। परिजन उन्हें हायर सेंटर लेकर गए है।

## विवाहिता को कुंवारी बताकर शादी करवाने का दिया झांसा

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में विवाहिता को कुंवारी बताकर विवाह करवाने का झांसा देकर दो लाख रुपए हड़पने का मुकदमा पुलिस में न्यायालय के माध्यम से दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से मिले इस्तगाशे में नौरतमल पुत्र शुभकरण कम्मा ने आरोप लगाया है कि सुरेशकुमार पुत्र पूनमचंद निवासी राजलदेसर व गिरधारीलाल माली निवासी नानी जिला सीकर ने उसके जीजा नत्थूराम माली निवासी राजलदेसर से संपर्क कर रहा कि हम विवाह करवाने का काम करते हैं। आपका साला नौरतमल कुंवारा है। उसके योग्य एक लड़की विजयनगर उत्तरप्रदेश की हमारे ध्यान में है। अगर संबंध करवाना है तो रतनगढ़ जाकर अपने ससुरालजनों से बात कर लेते हैं। मई 2025 में ये लोग जीजा को साथ लेकर रतनगढ़ आए और कहा कि हमारे पास एक लड़की है जो ओबीसी समाज की है, अगर आप चाहो तो दो लाख रुपए खर्च करने होंगे और विवाह करवा देंगे।

हम लोगों ने उनसे कहा कि हमारे साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं होनी चाहिएए तो दोनों लोगों ने कहा कि हम आपके समाज के ही धोखाधड़ी करके जाएंगे कहा। शादी की बात तय होने के बाद दोनों ने कहा कि रुपयों की व्यवस्था करो, आप लोगों को लड़की गांव नानी जिला सीकर में दिखाएंगे। हमने मेरी भाभी राधा देवी पत्नी हरिप्रसाद के नाम से एक निजी बैंक से रुपए ऋण पर लिए। उसके बाद इन लोगों ने लड़की को दिखाया। परिवारवालों को लड़की पसंद आने के बाद जब लड़की के दस्तावेज मांगे तो कहा कि लड़की के परिजन विवाह में आएंगे तो उस वक्त दस्तावेज साथ में लेकर आएंगे। हम लोगों ने दो लाख रुपए दे दिए तथा इन लोगों ने लड़की को हमारे साथ भेज दिया। हमने शहर के एक मंदिर में विवाह की रस्म अदा की। जैसे ही लड़की घर आई तो वह रोने लगी। जब उसके घरवालों से बात की तो कुछ दिनों बाद उसका भाई घर आया और उसने कहा कि मेरी बहन शादीशुदा है। सुरेश व गिरधारी ने धोखाधड़ी की है, जिस पर लड़की को वापस विजयनगर छोड़कर आ गए। सुरेश व गिरधारी ने विवाह का झांसा देकर दो लाख रुपए हड़प लिए तथा हमें मानसिक, शारीरिक व आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल हंसराज के सुपुर्द की है।

## बिजली का पोल शिफ्ट किए बिना ही बना दी सड़क



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** लोयल से सुलताना जाने वाली सड़क के बीच में विद्युत ट्रांसफार्मर खड़ा है जो आने जाने वाहनों और राहगीरों को दुर्घटना का बुलावा दे रहा है। सड़क में कई खामियां देखने को मिल रही है। कई जगह सड़क बाउंडरी में पोल आ रहे है जो की हमेशा हादसे को निमंत्रण देते रहते हैं । ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया लेकिन सड़क का काम पूर्ण हो चुका है। इसके बावजूद भी अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार लिखित में सूचित किया गया लेकिन वे अपनी हठधर्मिता के कारण निर्माणाधीन सड़क से पोल नहीं हटाए। अब सड़क कार्य पूरा कर के पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार सड़क का कार्य पूर्ण कर के यहाँ से चले गए है अब भी विद्युत विभाग सड़क के किनारे लगे 5-6 पोलो को जो की सड़क बाउंड्री में है उनको नहीं हटा रहे हैं।

## विराट हिन्दू धर्म सम्मेलन आयोजित, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के रामलीला मैदान में रविवार को विवेकानंद विराट हिंदू सम्मेलन समिति गोठड़ा मंडल के तत्वाधान में विश्व विराट हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कस्बे के चार स्थानों थर्ड सेक्टर, जगदंबा मार्केट स्थित हनुमान मंदिर एवं गोठड़ा से कलश यात्रा के साथ धर्म सम्मेलन में पहुंची। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनम धर्मपाल गुर्जर थी। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अभयसिंह हिंदूस्तानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति सचिव धर्मपाल कुमावत, महेश सिंघानिया, समाजसेवी बबलू अवाना, रविंद्र फौजी, जुगल किशोर सैनी, शिवशंकर शर्मा, महाराज राधवाचार्य मौजूद थे। मुख्य वक्ता के रूप में मनोज कुमार गुढ़ा थे। भारत माता एवं भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता मनोज कुमार गुढ़ा ने कहा कि महापुरुषों ने सनातन धर्म से विश्व में परचम लहराया गया था। हमारे देश के ऋषि-मुनियों के ज्ञान और उनकी मेहनत से भारत की एक अलग पहचान बन पाई थी। भारत के विज्ञान पद्धति को उस समय बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था, जिस समय टेक्नोलॉजी का काफी अभाव था। धर्म को लेकर देशवासियों को आस्था रखनी चाहिए और अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। धर्मपाल कुमावत एवं संजय जिंदड़ ने कहा कि सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और हिंदू एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने वाले पर सर्व हिंदू समाज, श्रीराम बस्ती के बैनर तले विराट हिंदू सम्मेलन मनाया जा रहा है। महाराज राधवाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने बड़ा संघर्ष कर हमेशा सत्य का साथ दिया, जिसकी वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भी कहा गया था। बुराई को खत्म करने के लिए उन्होंने सत्य की राह पर चलकर देशवासियों को बड़ा संदेश दिया था। प्रत्येक व्यक्ति को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे देश के महापुरुषों ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया था। अभयसिंह हिन्दुस्तानी ने आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाषण देकर सनातन धर्म का परचम लहराया था। प्रत्येक व्यक्ति को हमारे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने चाहिए। यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। विवेकानंद विराट हिंदू सम्मेलन समिति गोठड़ा के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व गोठड़ा, हनुमान मंदिर, सनातन धर्म मंदिर एवं थर्ड सेक्टर से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, सेंटर मार्केट के पास सभी कलश यात्रा का मिलन हुआ जिसके पश्चात रामलीला मैदान में कलश यात्रा सम्पन्न हुई। संचालन विमल शर्मा ने किया। इस मौके पर कमला दौराता, श्रवण कुमार, राजकुमार, रमेश पाण्डे, राजेश नारवाल, महिपाल दौराता, आलोक जैदिया, अरविंद कुमार, लक्ष्मीकान्त, सुभाष शर्मा, घीसाराम, अशोक कुमार, विजय सैनी, प्रेम अग्रवाल, मनोज, उत्तम सोलंकी सहित महिलाएं एवं पुरूषों ने भाग लिया।

## जीर्णोद्वार व इंटरलॉक कार्य का हुआ लोकार्पण

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश चूरू सोनिका पुरोहित ने न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर भवन के जीर्णोद्वार का ई-लोकार्पण जरिये विडियो कॉफ्रेसिंग रूबरू होकर किया। इसी के साथ न्यायालय परिसर तारानगर में नगरपालिका तारानगर द्वारा निर्मित इंटरलोक कार्य का लोकार्पण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तारानगर संतोष कुमार मीणा द्वारा किया गया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर अजयदीप सिंह सेखां व विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार सांखला मौजुद रहे। न्यायालय भवन के जीर्णोद्वार के लोकार्पण समारोह पर अतिथियों द्वारा भवन का फीता काटने के बाद सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर संतोष कुमार मीणा ने पण्डित से पूजा अर्चना व मंत्रोचार करवाकर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर अजयदीप सिंह सेखां को न्यायालय भवन के इजलास कक्ष में न्याय बेच पर पदासीन कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। समारोह का संचालन बार संघ तारानगर अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने किया। समारोह में तारानगर बार संघ के समस्त पदाधिकारीगण व समस्त अधिवक्तागणों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहारण, केदारमल स्वामी, रतन चाचाण, अंशुक शर्मा, अनिल शर्मा, बिलाल अहमद, निर्मल प्रजापत, गजराजसिंह राजवी, राजेन्द्र राठौड़, विकास सिहाग, अनिल स्वामी, महेंद्र यादव, विकास सोनी, पवन योगी, साजिद खान, जितेंद्र राठौड़, चेतन्य स्वामी, ओमप्रकाश सहारण, अनिल स्वामी राजपुरा, देवकरण प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, वीरेंद्र प्रजापत, अनिल खटोड़, रविंद्रसिंह आदि अनेक अधिवक्ता तथा न्यायिक कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नूर फाउंडेशन द्वारा निर्मित सर्किल का हुआ लोकार्पण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती परिसर में नूर फाउंडेशन लाडनूं द्वारा नव निर्मित सर्किल का लोकार्पण तेरापंथ धर्म के अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के मंगल पाठ के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्यश्री ने सर्किल का निरीक्षण करते हुए इसे अहिंसा, शांति और सद्भाव का प्रतीक बताया। फाउंडेशन के ट्रस्टी एडवोकेट आलम अली ने बताया कि यह सर्किल आचार्यश्री महाश्रमण की प्रेरणा से निर्मित किया गया है। गुरुदेव ने नूर फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सौहार्द बढ़ाने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान जैन विश्व भारती परिसर संयोजक धर्मचंद, प्रवास व्यवस्था समिति मंत्री राजेंद्र खटेड, महामंत्री सलील लोढ़ा, नूर फाउंडेशन संयोजक नौशाद अली, मोहसीन अली सहित बड़ी संख्या में साधु-साध्वी एवं श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## अधिशासी अधिकारी चौधरी का मंत्री खर्रा ने किया सम्मान

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** नगरपालिका लाडनूं के नव पदस्थ अधिशासी अधिकारी हरेंद्र चौधरी को उनके उत्कृष्ट कार्यए कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए रविवार को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मारवाड़ मुंडवा में आयोजित बीएससी नर्सिंग कॉलेज के शिलान्यास समारोह के दौरान स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा प्रदान किया गया। मंत्री खर्रा ने ईओ चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे जिम्मेदारी के साथ जनहित में कार्य करते रहें, जो अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। इसी क्रम में उनकी हौसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ सीआर चौधरी, डॉ मंजू बाघमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भागवत कथा 19 से



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर आथुना बास में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ 19 फरवरी को मंगल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। रविवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। मंदिर के पुजारी राजूराम ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह सवा 8 बजे कलश यात्रा दादोजी मंदिर से रवाना होगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुँचेगी। कथा का वाचन दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज के द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। पूर्णाहुति 26 को सुबह सवा 9 बजे तथा भंडारा सवा 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। इस अवसर पर पुजारी राजूराम, एडवोकेट रोहित मारू, श्रवण जाट, कालू जाट, चोरूलाल फोगला, किशन नाई, पं श्यामलाल, बजरंग जाट, यश आदि मौजूद रहे।

## ट्रेलर व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में मेगा हाइवे पर रीको तिराहे के पास शनिवार देर रात को ट्रेलर व बाइक की हुई आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ट्रेलर को जब्त कर थाना ले आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीनादेसर निवासी 25 वर्षीय खिराज मेघवाल एवं पड़िहारा निवासी 20 वर्षीय सूरज मेघवाल बाइक पर सवार होकर हुडेरा फांटा से संगम चोराहे की तरफ आ रहे थे कि सामने से आ रहे ट्रेलर से रीको तिराहे के पास मेगा हाइवे पर भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। चूरू में दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को चूरू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। घटना को लेकर पुलिस में अभी तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## ट्यूबवैल खराब होने से मुख्य बस स्टैंड पर बनी टंकी कई दिनों से सुखी



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव के बस स्टैन्ड पर जलदाय विभाग का ट्यूबवैल बना हुआ है। इस ट्यूबवैल की हर 10 दिन में पानी सप्लाई देने वाली मोटर खराब हो जाती है इसके पास ही पानी भरने की जी एल आर बनी हुई है जो की महीने में 10 दिन सुखी रहती है । यहां चिड़ासन, मानोता और लोयल तीनों गांवों की यात्रा करने वाले लोगों का बस स्टैंड है। स्टैंड पर जीएलआर सूखा रहने के कारण सवारियों को पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है, सवारियों को दुकानों से पानी खरीद के पीना पड़ता है। स्टैंड का सार्वजनिक ट्यूबवैल 2 सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है इससे यात्रियों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। सार्वजनिक ट्यूबवैल खराब होने के जलदाय विभाग इसे ठीक कराने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्टैंड के दुकानदारों एवं यात्रियों की मांग है कि ट्यूबवैल को सूचारु रूप से नियमित रखा जाए। दुकानदार बुधराम ने बताया कि स्टैंड पर ट्यूबवैल की पानी सप्लाई की मोटर पुरानी और जर्जर अवस्था में होने के कारण आए दिन खराब होती रहती है इसलिए नई मोटर डलवाई जाए। सुरेश कुमार, लालचंद, सुरेश मेघवाल, शीशराम, राजेन्द्र शर्मा, सुनिल कुमार, भवानी आदि ने नई मोटर जल्द से जल्द रखने की मांग की है।

## मेघवाल ने नेट जेआरएफ परीक्षा में एससी कैटगरी में हासिल की फस्ट रैंक

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** टोंक छिलरी के अरुण कुमार मेघवाल पुत्र भाग चंद ने जून 2024 से लगातार चौथी बार नेट जेआरएफ एग्जाम पास की है। अरुण ने बताया कि 2024 में कोड 25 संस्कृत से नेट क्लियर, दिसंबर 2024 में एक बार कोड 73 ट्रेडिशनल संस्कृत से नेट क्लियर और उसी समय दिसंबर की संस्कृत शिक्षा विभाग आरपीएससी में 50 वीं रैंक के साथ वरिष्ठ अध्यापक पद पर चयन हुआ। फिर जून 2025 में संस्कृत कोड 25 से नेट क्लियर कर इस बार दिसंबर 2025 में ही ऑल इंडिया जेआरएफ क्लियर कर एससी कैटेगरी में फस्ट रैंक के साथ क्लियर किया। अरुण की इस सफलता से परिवार तथा ग्रामीणों में काफी खुशी है। अरुण की मेहनत और परिश्रम ने ही गांव का नाम रोशन किया है। बड़े भाई दिनेश मेघवाल सहित अनेक ग्रामीणों ने अरुण को शुभकामनाएं और बधाइयां दी है।

## मंडावा विधायक का किया स्वागत

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मंडावा विधायक एवं झुंझुनू जिला कांग्रेस अध्यक्ष रीटा चौधरी रविवार को गोठड़ा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कांग्रेस उपाध्यक्ष नासीर हुसैन एवं आकाश चौधरी के सानिध्य में मंडावा विधायक रीटा चौधरी को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक रीटा चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं को विधानसभा में उठाएं जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर संघर्ष करना होगा और गांव-ढाणी तक जाकर लोगों की समस्याओं को पार्टी मंच पर लाना होगा। इस अवसर पर मुकेश, विजय, अशोक, फैजान, सोनू सहित आदि कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया।

### विराट हिंदू सम्मेलन सम्पन्न

# बिखरे हिंदूओं को संगठित होने की आवश्यकता : चन्द्रमादास महाराज

## भारत को श्रेष्ठ बनाने के लिए हिंदूओं को एक होना होगा : प्रीतम सिंह

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** विराट हिंदू सम्मेलन वीर सावरकर आयोजन समिति की ओर से रानी सती पुलिस चौकी के सामने रविवार को आयोजित किया गया। हिंदू सम्मेलन में करणी गौधाम पालवास के संत चंद्रमादास महाराज का सानिध्य रहा व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक प्रीतम सिंह बड़गुजर रहे व मातृ शक्ति वक्ता के रूप में संगीता जांगिड़ थी। सम्मेलन की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह उग्रावत ने की। सम्मेलन का प्रारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। सम्मेलन के प्रारंभ से पूर्व समिति की ओर से तीन मुख्य मार्गों से डीजे पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सम्मेलन स्थल पर 11 कुंडीय महायज्ञ किया गया। नन्हें-मुन्नें बच्चों ने भगवत्स्वरूप एवं महापुरुषों की वेशभूषा में जीवंत झांकियां की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कलाकार अभिषेक मिश्रा ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर सम्मेलन को हिंदू मय बनाया। संचालन सीए उदेश घासोलिया ने किया। संत चंद्रमादास महाराज ने कहा कि भारत में बिखरे हुए हिंदूओं को संगठित होकर एक होने की बेहद आवश्यकता है। कहा कि जैसे परिवार में हम एक होते हैं उसी प्रकार हिंदूओं को एक होना है। कहा कि पहले बुजुर्ग बच्चों को परिवार बनाना सिखाते थे अब बच्चे रील बनाना सीख रहे हैं जिसे खत्म करना होगा। उन्होंने युवा शक्ति से आह्वान किया कि धर्म ग्रंथ सिखने के साथ-साथ एक हाथ में माला और एक हाथ में भाला रखना होगा। कहा कि भारत में गाय को बचाना होगा और एक श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए सभी को संगठित होना होगा। कहा कि गाय को बचाने, गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने, गाय की हत्या बंद करने के लिए संपूर्ण भारत में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों से एक साथ 26 अप्रैल को आग्रह किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रीतम सिंह ने कहा कि जाति व छुआछुत को मिटाकर भारत को श्रेष्ठ बनाने के लिए हिंदूओं को एक होना होगा। कहा कि छुआछुत महापाप है। जो भारत को माता मानता है वह हिंदू है। उन्होंने कहा कि भारत में परिवार व्यवस्था रही है जो आज के समय कम हो रही है। सबको परिवार के साथ रहने की व्यवस्था अधिक मजबूती के साथ करके भारत को एक व श्रेष्ठ बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के हिंदू सम्मेलन में संकल्प लेकर जाए कि हिंदूओं की दिशा और दशा बदलने के लिए काम करेंगे। सम्मेलन में मातृ शक्ति वक्ता के रूप में बोलते हुए संगीता जांगिड़ ने कहा कि आज के समय में हिंदूओं को संगठित होने की आवश्यकता है। कहा कि संगठन में ही शक्ति है और संगठित होने के लिए ही ऐसे हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे हिंदू सम्मेलन हिंदूओं को जगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मातृ शक्ति की परिवार व संगठित होने के लिए उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। वीर सावरकर आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह उग्रावत ने सभी का आभार प्रकट किया। अतिथियों ने जीवंत झाकियां सजाने वाले बच्चों को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। हिंदू सम्मेलन में नवरंग शर्मा, अर्जुनलाल घासोलिया, एडवोकेट निर्मल शर्मा, हनुमान दीक्षित, सचिन शर्मा, महेंद्र जोगाणी, नटवर तिवारी, हनुमान गहलोत, भागीरथ बड़जात्या, सुरेश सैनी, सचिन शर्मा, जगदेव सिंह पंवार, महेंद्र तिवाड़ी, राजेंद्र पारीक, हेमंत मिश्रा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, सज्जन गाड़ोदिया, गिरीश प्रधान, मनोज माथुर, सुरेश सैनी, जयप्रकाश सैनी, जितेंद्र माथुर, गोपाल सिंह बडगुजर, प्रदीप अग्रवाल, महेश पारीक, योगेंद्र सिंह, नरेश प्रधान, इंदरचंद बड़जात्या, मनोज माथुर, अजयपाल सिंह, गोपाल सिंह बडगुजर, पूर्व पार्षद संपत सिंह, नरेंद्र सोलंकी, सुगनचंद कुमावत, महेश पारीक, योगेंद्र सिंह, शालिनी माथुर, कुमकुम माथुर, अशोक माथुर आदि मौजूद रहे।

## राजलदेसर युवा समिति की बैठक आयोजित

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा समिति की बैठक संरक्षक डॉ हीरालाल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य व आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई । उपस्थित जनों ने विचार-विमर्श कर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक मंडल में पूनमचंद गर्ग, पन्नालाल दुगड़, छात्रसिंह बोथरा, पवन झेडू, गिरधारीसिंह राठौड़, कैलाश सोनी एवं रतनलाल बारूपाल को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद पर राधेश्याम पारीक, पवन प्रजापत, रमेश सारस्वत एवं परमानंद प्रजापत को नियुक्त किया गया। उप मंत्री के रूप में अजीत सुथार, सह-कोषाध्यक्ष पं बृजेश दाधीच, कार्यालय प्रभारी मदन दाधीच तथा विधि सलाहकार के रूप में एडवोकेट जगदीश बालानिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से 31 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। साथ ही मार्गदर्शक मंडल में वीरेंद्र लाटा, ललित दाधीच एवं राजेश पांडे को नियुक्त किया गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष व मंत्री का भी सम्मान भी किया गया। बैठक में कन्हैयालाल शर्मा, बीरबल, ओमप्रकाश, बीजू प्रजापत, सीताराम, लालचंद, दीनदयाल महावर, महावीर पारीक, परमानंद, राकेश दाधीच सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क मासिक सर्जरी कैम्प आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** रविवार को रोटरी क्लब सीकर द्वारा अपना प्रख्यात नि:शुल्क मासिक सर्जरी कैम्प राठी हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। जिसमें 10 नि:शुल्क ऑपरेशन किए गए। जिसमें 1 हर्निया, 1 हिस्टरेक्टॉमी, 2 पाइल्स और फिशर, 2 सिस्ट बैक, 2 लम्प ब्रेस्ट, 2 चेस्ट वाल स्वेलिंग के ऑपरेशन किए गए। कैम्प में डॉ जी एल राठी, डॉ जितेन्द्र कचोलिया, डॉ दिव्या कचोलिया, डॉ अंकुश राठी, डॉ अनीता राठी, डॉ मोहन परमार ने सेवाएं दी। सचिव गौरव सोमानी के साथ ही रोटेरियन डॉ अमर सिंह कविया, संजय कुमावत, जगदीश कुमावत, विनोद खंडेलवाल, राजश्री सोमानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब सीकर के इस कैम्प के जरिए गरीब और जरूरतमंद मरीजों को पूर्णतया नि:शुल्क ऑपरेशन करके मानवता की सेवा में सतत योगदान दिया जा रहा है।

## फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। शिव का अर्थ है सदा कल्याणकारी। महाशिवरात्रि शिवतत्व की रात्रि है, जो मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती है। व्रत, जागरण और रुद्राभिषेक से दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। स्कंद पुराण और शिव पुराण में महाशिवरात्रि को मोक्षदायिनी रात्रि बताया गया है। महाशिवरात्रि के साथ ही माघ मेला का अंतिम स्नान पर्व भी संपन्न होगा, जिसके बाद मेला क्षेत्र से संत-महात्मा और श्रद्धालु अगले वर्ष पुनरू आने का संकल्प लेकर तीर्थराज प्रयाग से विदा होंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार त्रयोदशी तिथि 14 फरवरी को अपराह्न 3:11 बजे से प्रारंभ होकर 15 फरवरी को शाम 4:23 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्दशी तिथि लगेगी, जो महाशिवरात्रि पर्व के लिए अनिवार्य मानी जाती है। महाशिवरात्रि की रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को शाम 7:28 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा तथा इसके बाद श्रवण नक्षत्र का आरंभ होगा। वहीं कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु के एक साथ संचरण से दुर्लभ चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है। इस विशेष योग में स्नान, दान और शिव उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। डॉ. मिश्रा के अनुसार यौगिक परंपरा में भगवान शिव को देवता नहीं बल्कि आदिगुरु अर्थात प्रथम गुरु माना गया है। शिव से ही ज्ञान की उत्पत्ति मानी जाती है। मान्यता है कि सहस्त्राब्दियों के ध्यान के उपरांत जिस दिन भगवान शिव कैलाश पर्वत पर पूर्णतः स्थिर हुए, वही दिन महाशिवरात्रि के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

## जयपुर जिले के हर गांव और कस्बे में गूंज रही कबड्डी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में जिला प्रशासन द्वारा पंच गौरव योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक खेल के रूप में कबड्डी को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जिले में योजना की प्रगति की सतत समीक्षा करते हुए खेल गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। यही कारण है कि जयपुर जिले के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में आज कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है और ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक युवा प्रतिभाएं कबड्डी के मैदानों में अपना हुनर निखार रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि कबड्डी को बढ़ावा देते हुए जिला प्रशासन जयपुर द्वारा युवाओं की प्रतिभाओं को तराशने एवं तलाशने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कबड्डी ग्रामीण परिवेश में सहज, सुलभ एवं लोकप्रिय खेल है, जो युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिले में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक कर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजस्व गांव में कबड्डी मैदान विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत अब तक 1 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपये व्यय कर 1 हजार 173 कबड्डी मैदान तैयार किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय मद एवं भामाशाहों के सहयोग से 32 लाख 70 हजार रुपये की लागत से जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सिंथेटिक मेट मैदान तैयार किए गए हैं जबकि फागी ब्लॉक में दो सिंथेटिक मेट मैदान विकसित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन मैदानों पर जिले के युवा खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। जिला एवं उपखंड प्रशासन के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें भामाशाहों द्वारा भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही सांगानेर, जोबनेर एवं झोटवाड़ा ब्लॉक में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है जहां अन्य खेलों के साथ-साथ कबड्डी के लिए भी समुचित मैदान विकसित किए जाएंगे।

## ग्राम विकास उत्थान शिविर आयोजित

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के चनाना गांव में ग्राम विकास उत्थान शिविर गिरदावर सर्कल चनाना में आयोजन किया गया। शिविर में राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने पर अनेक ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी थी। शिविर की मुख्य अतिथि अनिशा बिजारणीया थी, अध्यक्षता चनाना पंचायत प्रशासक चरण सिंह धींवा ने की।

शिविर में सहायक विकास राजेन्द्र डुडी, गिरदावर अरुण सिंह, पटवारी सरोज चनाना, कृष्ण कुमार गोवाला, मंजीत सोलाना, ग्राम विकास अधिकारी रमन धनकड़ चनाना, आदित्य भुकाना और अनिल कुमार गोवला व अन्य विभागों के कर्मचारी अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे। स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्शल 6 को लाभ मिला। शिविर में ग्रामीणों को 3 पट्टे दिए गये। जिसमें से एक पट्टा कृष्ण कुमार को सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी व प्रशासक चरण सिंह तीनों के सनिध्य से जारी किया गया। शिविर में पशुपालन विभाग के अधिकारी ने मंगला बीमा योजना के 10 कार्ड भरे। इस दौरान 2 खाता दुरस्तीकरण हुआ और 3 सहमति खाता विभाजन 5 तरमीम शुद्धि 10 के 5 प्रकरण मौके पर ही निपटाये गये। इस शिविर के दौरान पास के खेत में ड्रोन द्वारा यूरिया का छिड़काव किया, यूरिया छिड़काव को देख कर किसान भी आश्चर्य चकित दिखाई दिए। सहकार किसान कल्याण योजना में पात्र खेत तलाई वित योजना अनुदान दिया गया और तारबंदी प्रकर्म का एक किसान को अनुदान दिया। पीएम सूर्य योजना के बारे में जानकारी दी और मोके पर ही समस्याओं को सुना गया और निपटारा किया। इस दौरान अनेक विभाग के अधिकारी मोजूद थे।

## नाबालिग बालिका को भगाने का शक

सुजानगढ़ (नवयत्न)।

सुजानगढ़ के निकटवर्ती गांव की एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से गायब हो गई। बालिका के पिता ने सदर थाने में एक युवक पर शक जताते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को बालिका के पिता ने बताया है कि उसके गांव के ही मुकेश नामक युवक पर बालिका को भगा ले जाने का उसे शक है। घटना 5 फरवरी की है। सदर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## इंडिया स्टोन मार्ट समापन समारोह में 36 श्रेष्ठ स्टॉल व शिल्पकार सम्मानित




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सीडॉस, लघु उद्योग भारती और रीको के संयुक्त तत्वावधान में जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी इंडिया स्टोन मार्ट-2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस समापन समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि रहे। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस समारोह के दौरान राज्यपाल सहित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देश-विदेश से आए प्रदर्शकों की नवीन तकनीक, मशीनरी और स्टोन उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में 36 श्रेष्ठ स्टॉल, हस्तशिल्प कलाकारों व संस्थानों को सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ ओवर ऑल डिस्प्ले का पुरस्कार सुजुकी इंडिया को मिला। इनडोर स्टोन डिस्प्ले, स्टोन आर्ट, मशीनरी, आउटडोर और विदेशी प्रदर्शक श्रेणियों में भी कई कंपनियों व कलाकारों को सम्मान प्रदान किया गया। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट जैसे आयोजन राजस्थान की स्टोन इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाते हैं और रोजगार व निर्यात को नई दिशा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने इसे प्रदेश की औद्योगिक छवि को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। राज्य मंत्री विश्नोई ने कहा कि सरकार स्टोन उद्योग के विकास के लिए लगातार नीति समर्थन दे रही है। इस समापन अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि अगला इंडिया स्टोन मार्ट वर्ष 2028 में आयोजित किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# समझौते की रूपरेखा



आखिरकार अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने की घोषणा हो गई। इसी के साथ अनिश्चितता के तमाम बादल छंट गए और यह स्पष्ट हो गया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू हो जाएगा। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का 25 से 18 प्रतिशत तय हो जाना और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत टैरिफ का हट जाना राहत की एक बड़ी खबर है। राहत की बात यह भी है कि दोनों देश समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देने को तत्पर हैं।

समझौते की रूपरेखा के अनुसार भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए ज्वार, मेवे, प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट और अन्य उत्पादों सहित कई प्रकार के खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। इसी तरह अंतरिम समझौते के बाद भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली जेनेरिक दवाइयों, रत्न, हीरे, विमान के कल-पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि पहले यह माना जा रहा था कि भारत से निर्यात होने वाली सभी सामग्री पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे यह भी रेखांकित होता है कि समझौता बराबरी के स्तर पर होने जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ में कमी से भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद और कुछ मशीनरी के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

व्यापार समझौते की रूपरेखा यह भी बता रही है कि भारत कृषि और डेरी सेक्टर को संरक्षित करने में सक्षम रहा और वे आशंकाएं सही नहीं थीं कि हमें अमेरिकी दबाव के सामने अपने हितों की अनदेखी करनी पड़ सकती है। इसकी पुष्टि संयुक्त बयान के इस अंश से होती है कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए अमेरिका भारत के अनुरोध पर विचार करेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देश बाजार पहुंच के अवसरों को और बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। वास्तव में इससे ही दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डालर के व्यापार के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। व्यापार समझौते पर सहमति की जो रूपरेखा सामने आई, वह यह भरोसा दिलाने वाली है कि भारत की निर्यात क्षमता बढ़ेगी और मेक इन इंडिया अभियान को बल मिलेगा।

यदि इस अभियान को सचमुच बल मिला तो भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त होगा और साथ ही सप्लाई चेन में भी उसकी भूमिका बढ़ेगी। आज जब दुनिया के प्रमुख देश यह चाहते हैं कि ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत बड़ी भूमिका निभाए और चीन के दबदबे को कम करे, तब भारतीय कारोबारियों को विश्व बाजार में अपने बलबूते अपनी जगह बनाने के लिए तैयार रहना होगा।

## विशेष आलेख

# चुनौती का सामना करें भारतीय उद्योग, यूरोपीय संघ और भारत के बीच व्यापार समझौता बहुत महत्वपूर्ण

**भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौता इसलिए हो सका, क्योंकि एक ओर जहां भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से चिंतित था, वहीं दूसरी ओर यूरोप के देश भी। इस समझौते का एक कारण यह भी रहा कि पिछले कुछ समय में भारत ने यूरोप के प्रमुख देशों फ्रांस और जर्मनी के साथ अपने रिश्ते प्रगाढ़ किए हैं।**


इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की दिल्ली में उपस्थिति केवल भारत और यूरोप के बीच के मधुर होते संबंधों को ही नहीं बयान कर रही थी, बल्कि इन संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल को भी रेखांकित कर रही थी। अंततः गणतंत्र दिवस के अगले दिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच वह व्यापार समझौता हो गया, जिसकी व्यापक चर्चा हो रही थी और जिसे सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा जा रहा था।

इस समझौते ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। प्रारंभ में अमेरिका की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक नहीं थी, लेकिन जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत करने जा रहा है।

उनकी इस घोषणा का भारतीय प्रधानमंत्री ने भी स्वागत किया। चूंकि गत दिवस इस समझौते की रूपरेखा सामने आ गई, इसलिए माना जा रहा है कि अगले माह इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय यूनियन की तरह अमेरिका से होने वाला व्यापार समझौता इसलिए विशेष है, क्योंकि इसे लेकर असमंजस था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो पाएगा या नहीं?

इसके अलावा हाल के समय में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं। कुछ अन्य देशों से भी भारत की व्यापार समझौते संबंधी वार्ताएं अंतिम चरण में हैं। इन देशों में कनाडा भी है, जिसके इन दिनों अमेरिका से रिश्ते खराब चल रहे हैं। यूरोप को व्यापार के मामले में भारत का साथ लेना इसलिए आवश्यक महसूस हो रहा था, क्योंकि यहां के देश कई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वैसे तो यूरोपीय देश संपन्न हैं, लेकिन उनके यहां छोटी-मोटी चीजों का उत्पादन बंद सा हो गया है और वे हाईटेक उत्पादों और सेवाओं पर ही अधिक केंद्रित हैं। यूरोपीय देश अप्रवासियों के आगमन के चलते सामाजिक उथल-पुथल का भी सामना कर रहे हैं। वहां के कई देशों में अप्रवासियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। यूरोप भले ही दो दर्जन से अधिक देशों की एक इकाई हो, पर वहां के कुछ देश अत्यधिक विकसित हैं तो कुछ विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे विकासशील देश भारत से व्यापार को अपने लिए और लाभप्रद मान रहे हैं।

जिस तरह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते ने सुर्खियां बटोरीं, उसी तरह भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते को लेकर भी दुनिया भर में चर्चा हो रही है। समझौते पर दोनों देशों के साझा बयान ने चर्चा को और तेज कर दिया है। भारत अमेरिका के साथ यथाशीघ्र व्यापार समझौते के लिए इसलिए प्रयत्नशील था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की



ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारतीय निर्यातक मुश्किल में थे। यह व्यापार समझौता ट्रंप के रवैये के कारण ही अटका हुआ था।

वे इससे खफा थे कि भारत उनके न चाहने के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय में भारत ने रूस से तेल खरीद में कटौती की थी, लेकिन ट्रंप किसी तरह की नरमी नहीं दिखा रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने जब वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया और वहां अपनी कठपुतली सरकार स्थापित कर दी तो स्थितियां तेजी से बदलीं। वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद ट्रंप ने यह घोषणा की कि अब उसके तेल की बिक्री उनके हिसाब से होगी।

इस घोषणा के कुछ दिनों बाद भारतीय प्रधानमंत्री और वेनेजुएला की राष्ट्रपति के बीच वार्ता भी हुई। इसी वार्ता के चंद दिन बाद ट्रंप ने भारत से व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने के साथ यह भी घोषणा की कि अब भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल खरीद बंद करेगा। चूंकि भारत पहले भी वेनेजुएला से तेल खरीदता था, इसलिए यदि वह फिर से उससे तेल खरीद शुरू कर देता है तो इसमें कोई नई-अनोखी बात नहीं, लेकिन देखना यह है कि क्या वह रूस से पूरी तौर पर तेल खरीदना बंद करेगा?

यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ होने वाले इसी तरह के समझौते के बाद भारत सरकार के साथ भारतीय कारोबारियों को इस पर विशेष ध्यान देना होगा कि इन समझौतों का अधिक से अधिक लाभ कैसे उठाया जाए। चूंकि यूरोप के देशों ने हर मामले में अपने मानक ऊंचे कर रखे हैं, इसलिए भारतीय कारोबारियों को इस पर गौर करना होगा कि उनके उत्पाद और उनकी सेवाएं वहां के मानकों पर खरी उतर सकें।

वे इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि चाहे खाद्य पदार्थ हों या कपड़े अथवा अन्य उत्पाद, उनकी मांग यूरोप-अमेरिका में तभी बढ़ेगी, जब उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होगी। स्पष्ट है कि विकसित देशों में अपना उत्पाद बेचने के इच्छुक भारतीय उद्योगों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। माना जा रहा है कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल के बाद भारत से बड़ी मात्रा में गारमेंट्स, एनिमल हसबेंडरी, फिशरीज, मीट आदि का निर्यात बढ़ सकता है।

संभवतः इसी को ध्यान में रखकर बजट में गारमेंट्स, एनिमल हसबेंडरी, फिशरीज और मीट प्रोसेसिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रविधान किए गए हैं। इन प्रविधानों का मुख्य उद्देश्य निर्यात बढ़ाने के साथ रोजगार सृजन करना भी है। ऐसा वास्तव में हो, यह सुनिशिचित करना होगा और यह तब होगा, जब हमारे उद्योग शोध एवं विकास पर ध्यान देंगे।

इससे ही उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ेगी और यूरोप के साथ अमेरिका में उनकी खपत भी बढ़ेगी। भारत अगर निर्यात में अपना सही मुकाम हासिल नहीं कर पा रहा है तो इसका कारण यही है कि गुणवत्ता के प्रति भारतीय उद्योगों का रवैया ढीला-ढाला है। इस रवैये में सुधार आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।

## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मिथुन

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### सिंह

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कन्या

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### तुला

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### धनु

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### मकर

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कुंभ

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# अनार खाने से महिलाओं को मिलते हैं यह फायदे



अनार सेहत के लिए बहुत होते हैं। अनार एक सुपर हेल्दी फ्रूट है, जिसका सेवन करके बीमारियों से बचा जा सकता है। अनार पर हुई रिसर्च में ये बात सामने आ चुकी है इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिन के,सी, और बी, आयरन, पोटेशियम, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व सेहत, स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

खासकर जब बात महिलाओं की आती है तो उनके स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि मानी जाती है। पीरियड्स प्रॉब्लम से लेकर प्रेगनेंसी के दौरान गर्भ में पलने वाले बच्चे को स्वस्थ बनाने के लिए महिलाओं को अनार का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है अनार :** अनार एक ऐसा फल है जो महिलाओं में होने वाले प्रजनन विकार को ठीक करने में मदद करता है। अनार पर हुए शोध में ये बात सामने आई है कि यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस अंडाणु को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे प्रजनन क्षमता कमजोर हो जाती है।

**यौन क्षमता को सुधारता है अनार :** उम्र ढलने के बाद यौन क्षमता कम होना बहुत ही आम बात है। खासकर महिलाओं में 40 के बाद ये समस्या ज्यादा देखी जाती है। अनार का सेवन करके यौन क्षमता को सुधारने में मदद मिलती है। महिलाएं अगर अनार या अनार के जूस का सेवन करें तो इससे उनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है। शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर सही होने से यौन क्षमता सुधारने में मदद मिलती है।

**स्किन को बनाता है ग्लोइंग :** अनार के पोषक तत्व स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। स्किन हाइड्रेट रहने से खुजली, दाग-धब्बे और ड्राइनेस से बचाव करने में मदद मिलती है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से त्वचा में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है और चेहरे को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**पाचन क्रिया को सुधारने में करता है मदद :** लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से आजकल महिलाओं में पाचन संबंधी समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। पाचन क्रिया को सुधारने में भी अनार काफी फायदेमंद साबित होता है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से कब्ज, पेट में दर्द से राहत पाई जा सकती है।

**बालों को बनाता है घना और मजबूत :** अनार बालों को घना और मजबूत बनाने में भी मदद करता है। एनसीबीआई की एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि सप्ताह में 3 से 4 बार अनार का सेवन करने से स्कैल्प हेल्दी होते हैं और बालों का झड़ना, गिरना कम होता है।

# छाछ के साथ करें गुड़ का सेवन शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे



गर्मी के मौसम में लू से बचने और शरीर को ठंडक देने के लिए छाछ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। छाछ में कई ऐसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो शरीर को एनर्जी देने और पोषण देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से आपको दोगुने फायदे मिलते हैं। गुड़ में मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं। गुड़ में शरीर के लिए उपयोगी पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है। गर्मियों के मौसम में छाछ के साथ गुड़ खाने से आपको कई बीमारियों में भी फायदा मिलता है।

**सर्दी-जुकाम में फायदेमंद :** सर्दी-जुकाम की समस्या में छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। छाछ और गुड़ में मौजूद पोषक तत्व और गुण इन्फेक्शन कम करने और सर्दी-जुकाम से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। गुड़ में मिनरल्स, कैल्शियम, सेलेनियम, मैंगनीज, कॉपर जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं।

**खून की कमी दूर करे :** शरीर में हीमोग्लोबिन या खून की कमी होने पर छाछ में गुड़ डालकर खाने से बहुत फायदा मिलता है। गुड़ में मिनरल्स और आयरन आदि की पर्याप्त मात्रा होती है, इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी दूर करने में बहुत फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और पाचन से जुडी समस्याओं को कम करने के लिए छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गुड़ का सेवन लोग पुराने समय से ही खाना खाने के बाद पाचन ठीक करने के लिए करते आ रहे हैं।

**एसिडिटी में फायदेमंद :** एसिडिटी या पेट में गैस बनने की समस्या में भी छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पेट में एसिड कंट्रोल करने का काम करते हैं। गुड़ मिलाकर छाछ का सेवन करने से आपको एसिडिटी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

# चेहरे पर मुंहासे होने पर लगाएं ये होममेड फेस पैक, दूर होगी समस्या



खानपान के कारण आजकल मुंहासों की समस्या बहुत आम हो गई है। मुंहासे किसी भी उम्र के लोगों को परेशान कर सकते हैं। मुंहासों की समस्या ऑयली स्किन वालों को ज्यादा परेशान करती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि ज्यादा तला-भुना खाने से ये समस्या होती है। असल मायनों में मुंहासों की समस्या स्किन पर तेल ज्यादा बनना के कारण होती है। मुंहासे चेहरे की खूबसूरती में दाग लगाने का काम करते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की क्रीम और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि बाजार में मिलने वाली ये चीजें कुछ ही वक्त तक राहत दिलाती हैं।

### कच्ची हल्दी और शहद फेस पैक

- मुंहासों की समस्या से राहत दिलाने के लिए कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक बहुत फायदेमंद माना जाता है।
- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 1 टुकड़ा कच्ची हल्दी का लें, इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं।
- अब दोनों चीजों को ग्राइंड कर लें। पेस्ट अगर ज्यादा गाढ़ा लगता है तो इसमें थोड़ा सा गुलाब जल डालें।
- चेहरे को पानी से क्लीन करने के बाद कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से क्लीन करें और मॉइश्चराइजर लगाएं। आप सप्ताह में 2 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### टमाटर और शहद का फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए कटोरी में एक टमाटर का गूदा निकाल लें।
- टमाटर के गूदे में 1 चम्मच शहद को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें।
- चेहरे को पानी से धोने के बाद टमाटर और शहद का फेस पैक लगाकर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- फेस पैक के सूखने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं।
- टमाटर और शहद के फेस पैक का इस्तेमाल करने के बाद कम से कम 12 घंटे तक धूप और धूल-मिट्टी के संपर्क में आने से बचें।

### एप्पल साइडर विनेगर और ग्रीन टी फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर लें।
- एप्पल साइडर विनेगर में 2 चम्मच शहद और 2 से 3 चम्मच ग्रीन टी डालकर पेस्ट बनाएं।
- आपका ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर का फेस पैक तैयार हो चुका है। अब चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करें।
- चेहरे पर ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर फेस पैक 10 मिनट तक लगा रहने दें।
- फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से धो लें। आप सप्ताह में 1 से 3 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कॉफी और ग्लिसरीन का फेस पैक

- एक कटोरी में 2 चम्मच कॉफी पाउडर निकाल लें और इसमें 1 चम्मच ग्लिसरीन डालकर पेस्ट बनाएं।
- जब ग्लिसरीन और कॉफी का पेस्ट अच्छी तरह से तैयार हो जाए तो इसमें 1 से 2 बूंद बादाम तेल की मिलाएं।
- अब चेहरे को क्लींजर और टोनर से क्लीन करने के बाद तैयार किए गए फेस पैक को लगाएं।
- थोड़ी देर फेस पैक लगाने के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी और फेस वॉश से धो लें।
- मुंहासों से राहत पाने के लिए आप सप्ताह में 4 से 5 बार ग्लिसरीन और कॉफी के फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# कायस्थ समाज के सात जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति भारत की कायस्थ समाज की सामूहिक विवाह सम्मेलन व परिचय सम्मेलन करने वाली संस्था के तत्वाधान में कायस्थों की बगीची में सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। संस्थान के अध्यक्ष युगल किशोर नेहवारिया ने बताया कि शाम 4 बजे बारात रवाना हुई एवं शाम 7 बजे कायस्थों की बगीची कल्याणजी के रास्ते में धूमधाम से पहुंची जगह जगह बरात का स्वागत समाज की ओर से किया गया। जयमाला के पश्चात मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश माथुर महाराज, विधायक बालमुकुंद आचार्य, अंजन कुमार गोस्वामी महन्त श्री गोविन्द देव जी मन्दिर, अलबेली माधुरी शरणं महाराज, प्रवीण बड़े भैय्या सरस निकुंज, प्रदीप औदीच्य गढ़ गणेश मंदिर, विजय शंकर पाण्डेय, धर्म प्रचारक, वेद आशीष, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, ललित सक्सेना राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा शामिल रहे। इस मौके पर सभी भामाशाह का सम्मान किया गया। कायस्थों की बगीची में बारात में आतिशबाजी कर सभी दुल्हा-दुल्हन का स्वागत किया गया। पंडित ने हिन्दू रीति रिवाज से पाणिग्रहण संस्कार करवाया। सम्मेलन में क़रीब 2000 समाज बंधुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। सभी जोड़ों को घर में आने वाली जरूरत की सभी सामान भामाशाह के द्वारा उपहार स्वरूप दिए गए संस्थान के अध्यक्ष युगल किशोर नेहवारिया, महासचिव संजीव माथुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मधु भाट और जावेद हुसैन लेकर आए है वैलेंटाइन डे पर खास म्यूजकिल वीडियो निसं

जयपुर (नवयत्न)।



वैलेंटाइन डे के खास मौके पर रोमांस और संगीत का खूबसूरत संगम लेकर आए हैं मधु भाट और जावेद हुसैन, जो अपना नया म्यूज़िकल वीडियो तुमसे प्यार हुआ लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं। यह एक भावनात्मक और दिल को छू लेने वाला वैलेंटाइन डे स्पेशल सॉन्ग है, जिसे खासतौर पर प्रेम और रिश्तों की खूबसूरती को दर्शाने के लिए तैयार किया गया है। तुमसे प्यार हुआ को मधु भाट और जावेद हुसैन ने ही अपनी आवाज़ दी है लिखा भी दोनों ने है और म्यूजिक भी दोनों ने दिया है इस म्यूज़िकल वीडियो में दोनों कलाकार नज़र आएंगे। गाने में सादगी, रोमांस और आज के दौर की प्रेम कहानी को बेहद डिसेंट और यंग अंदाज़ में पेश किया गया है, जो हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने की क्षमता रखता है। इस म्यूज़िकल वीडियो को मधु भाट और जावेद हुसैन के बैनर तले तैयार किया गया है। गाने की खास बात यह है कि इसमें दिखावा नहीं बल्कि सच्चे एहसास और प्यार की मासूमियत को प्रमुखता दी गई है। संगीत, लोकेशन और विज़ुअल्स को बेहद सॉफ्ट और एलिगेंट टच दिया गया है, जिससे यह वीडियो वैलेंटाइन डे के माहौल को और खास बना देता है। वैलेंटाइन डे स्पेशल सॉन्ग तुमसे प्यार हुआ जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जाएगा और प्रेम संगीत पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह एक खास तोहफा साबित होगा।

# नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में घुसकर लूट का किया प्रयास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने एक दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर नाकू की नोंक पर उसे बंधक बना लूट का प्रयास किया लेकिन शोर-शराबे की आवाज सुन आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के अपराधिक रिकॉर्ड को खंगलाने में जुटी है। एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गोविंदपुरा कृष्णा विहार एफ निवासी योगेंद्र प्रसाद शर्मा ने मामला दर्ज कराया है की उसकी थाना इलाके फैंसी आइटम की तनिष्का स्टोर के नाम से दुकान है। देर रात पौने 10 बजे वो दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान दो युवक खरीदारी करने के बहाने से मुंह पर मास्क लगा कर दुकान में आए। दोनो आरोपियों ने दुकानदार योगेद्र से कुछ फैंसी आइटम मांगा तो दुकानदार ने निकाल कर दे दिया। दोनों युवकों ने सामान का पैसे दिया और बाहर चले गए। कुछ ही देर में दोनो युवक वापस आए और कुछ ओर सामान दिखाने के लिए कहा। जैसे ही पीड़ित ने सामान निकालने का प्रयास किया वैसे ही दोनो बदमाशों ने पीड़ित पर हमला कर दिया। एक युवक ने पीड़ित के बाल पकड़े और मुंह पर मिर्च पाउडर डाल दिया। दुसरे युवक ने चाकू से पीड़ित पर हमला कर उसे बंधक बनाने का प्रयास किया। चाकू के वार से पीड़ित योगेंद्र की जैकेट फट गई। पीड़ित ने शोर मचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मुंह दबाने का प्रयास किया। पीड़ित के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फऱार हो गए। स्कूटी से फरार हुए दोनों बदमाशों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर अथान पुत्र रहीस अहमद उत्तर प्रदेश बिजनौर निवासी हाल कालवाड रोड मंगलम सिटी निवासी व रोबवाब उर्फ नवाब खान पुत्र बेहाब, उत्तरप्रदेश हाल कालवाड़ रोड मंगल सिंटी निवासी को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से दो चाकू और मिर्च पाउडर बरामद किया है। पुलिस ने दोनो आरोपितों के अपराधिक रिकॉर्ड खंगलाने में जुटी है। एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया ने बताया की पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त अथान मुंबई में नाई की दुकान करता था। लेकिन वहां काम सहीं से नहीं चला तो अपने दोस्त रोबवाब के साथ काम की तलाश में जयपुर आ गया और कालवाड़ रोड मंगलम सिटी में रहने काम की तलाश करने लगा। इसी दौरान दोनों के पास खर्च के पैसे नहीं बचे तो दोनों ने मिलकर लूट की साजिश रची। लेकिन स्थानीय लोग और पुलिस की मुश्तैदी के चलते पहली वारदात में दोनो कानून के हत्थे चढ़ गए।

# बैठक 14 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है।

अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक चर्चा किए जाने तथा मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए 14 फरवरी को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।



# विघ्नहर्ता का आह्वान कर चेटीचंड महोत्सव की तैयारियां आरंभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधियत जो शाही मेलो-2026 का शुभारंभ रविवार को प्रथम पूज्य गणेश महाराज की वंदना के साथ हुआ। समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग रविवार को मोतीडूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे और सिंधियत जो शाही मेलो-2026 का आगाज किया। चेटीचंड सिंधी मेला समिति ने कार्यक्रम पधारने के लिए प्रथम पूज्य को निमंत्रण दिया, इसी के साथ सर्वसिद्धि प्रदाता की पूजा अर्चना कर चेटीचंड कार्यक्रमों के निर्विघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना की गई। भगवान श्री विनायक को मोदक और दुर्वा अर्पित की गई। सिंधी शहनाई की धुन पर सिंधी लोक नृत्य छेज की प्रस्तुति से गजानन को रिझाया गया। समिति अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी की अध्यक्षता में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद भगवान गणेश मंदिर मोती डूंगरी से श्री झूलेलाल मंदिर, सेक्टर-2, मालवीय नगर तक भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसमें समाज के सैंकड़ों दोपहिया, चार पहिया वाहनों में भक्त गण उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम संयोजक ललित राजू ने बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर पहुँचकर भगवान वरुण अवतार श्री झूलेलाल जी का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर मंत्रोच्चारण, भजनों और पारंपरिक सिंधी शहनाई की गूंज से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सिंधी व्यंजन दाल पकवान का आनंद लिया। महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि चेटीचंड पखवाड़ा के सभी कार्यक्रम भी उत्साह पूर्वक आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक ललित राजू ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। कोषाध्यक्ष दीपक वरंदानी, पखवाड़ा सचिव अर्जुन दास मेहरचंदानी और मुख्य समन्वयक हरीश असरानी ने भी पूजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निवर्तमान सभापति व पार्षदों का किया स्वागत

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 20 और 21 में नगरपरिषद की ओर से करवाए गए विकास कार्यों को लेकर वार्ड वासियों की ओर से हरिरामजी के मंदिर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों की ओर से निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, पार्षद सुनील मीणा, पार्षद प्रतिनिधि राजूनाथ सिद्ध, पूर्व पार्षद मूलचंद मीणा आदि का माला पहनाकर, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद सुनील मीणा ने कहा कि जिस विश्वास के साथ वार्ड के लोगों ने हमें चुनकर नगरपरिषद में भेजा और हम पर विश्वास जताया उस विश्वास के अनुरूप हमने पिछले 5 सालों में वार्ड के विकास कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हमारी वार्डों में टूटी सड़कों को नया रूप देना, स्ट्रीट लाइट लगवाना, पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण करना और नालियों पर जाली लगाना सहीत तमाम प्रकार के विकास कार्य हमारे वार्डों में किए गए हैं।

इस अवसर पर निवर्तमान नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा दिए गए इस मान सम्मान के लिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा।

उन्होंने कहा कि हमने बिना किसी भेदभाव के हर वार्ड में विकास कार्य किए हैं और हमारे द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को लेकर ही जगह-जगह शहर के लोगों द्वारा स्वागत सम्मान के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकाल समाप्त हो चुका है लेकिन आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम रुकेंगे नहीं थकेंगे नहीं और इसी प्रकार विकास के कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकाल पूरा होने के बाद भी शहर में विकास कार्यों का दौर चालू है और जगह-जगह विकास कार्य हो रहे हैं।

इस अवसर पर वार्ड के लोगों लोगों के साथ वार्ड में लगाई गई हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश वर्मा ने किया।

# छात्राओं को करवाया औद्योगिक भ्रमण

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। कक्षा 9 व 10 के ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी सेलून, बीकानेर तथा हेल्थ केयर के छात्राओं को श्री राम हॉस्पिटल, बीकानेर का भ्रमण करवाया गया। जावेद हबीब हेयर ब्यूटी सेलून में हेयर व ब्यूटी एक्सपर्ट विकास गौड़ व गुरप्रीत कौर ने बालों एवं त्वचा की देखभाल व सौंदर्य से संबंधित अनेक जानकारियां दी। छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं एवं कौशल विकास के महत्व की जानकारी दी। श्री राम हॉस्पिटल के तकनीकी अधिकारी नरेंद्र धवल द्वारा बच्चों को हॉस्पिटल का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विभिन्न बीमारियों के उपचार में काम आने वाली अनेक प्रकार की मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य के रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य शिवपाल सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सुलोचना, रंजना, नानूराम मेघवाल, विकास कुमार साथ रहे।

# बालक-बालिका का फुटबॉल में होगा स्किल टेस्ट



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रविवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों-बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल के अंतर्गत फुटबॉल में कुल 437 खिलाड़ियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। जिसमें बालिका फुटबॉल अकादमी-कोटा व बालिका खेल संस्थान-फुटबॉल, जयपुर के लिए 130, बालक फुटबॉल अकादमी-जोधपुर के लिए 184, बालक फुटबॉल अकादमी, प्रस्तावित कोलीड़ा, सीकर के लिए 88 एवं बालक फुटबॉल अकादमी प्रस्तावित-बांसवाड़ा के लिए 35 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। वही 166 बास्केटबॉल खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट लिया गया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि सोमवार को बालिका फुटबॉल अकादमी-कोटा, बालक फुटबॉल अकादमी-जोधपुर, बालिका खेल संस्थान फुटबॉल-जयपुर, बालक फुटबॉल अकादमी, प्रस्तावितकोलीड़ा, सीकर, बालक फुटबाल अकादमी प्रस्तावित-बांसवाड़ा के लिए स्किल टेस्ट होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को ही बालक वॉलीबाल अकादमी झुंझुनू, बालिका वॉलीबाल अकादमी-जयपुर, आवासीय बालिका खेल संस्थान-जयपुर-बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग एवं आवासीय बालिका खेल संस्थान प्रस्तावित उदयपुर-जूडो के खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया जायेगा।

# राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे 10 तक ऑनलाईन भिजवाना अनिवार्य

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे एवं पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क (दोनों तरफसे), मूल बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति तथा बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र सहित आवश्यक समस्त दस्तावेज अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से एसआईपीएफ पोर्टल पर 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। उन्होंने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित कराएं।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने किया पोस्टर विमोचन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** विवाह समिति त्रिवेणी धाम के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी अपनी टीम सहित पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निवास स्थान पर पहुंचकर विवाह समिति का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान के महामंत्री रुडमल सैनी लिसाड़ियां श्रीमाधोपुर, बहादुरमल सैनी, माली महासभा के कोषाध्यक्ष एवं डॉक्टर अजय सैनी, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम जयपुर उपस्थित रहे । विवाह समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह 19 फरवरी को होगा जो त्रिवेणी धाम सैनी धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले पीले चावल किया जा चुके हैं। सैनी ने बताया कि अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन करवा कर सामूहिक विवाह में भागीदारी निभाएं। इस मौके पर कई ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# भक्तों ने खेली फूलों की होली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों के फागोत्सव के क्रम में रविवार को मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार, हरियुगल विहार चंदलाई, टोंक रोड पर श्री प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव मनाया गया जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। जिसमें दीपक शर्मा ने पाछां सै मटकी फोड़ी छाने सै गागर तोड़ी या कांहे की होरी कानूडा, अभिषेक साहू ने सांवरिया आओ जी, सजीली चितवन में, आंसू भर ल्यावो जी, रसीली चितवन में बनवारी सैनी ने बांसुरिया बाजी रंग राधा सजी, रंग मोहन को रसिया बनाया, के साथ राघव खंडेलवाल, केशव शर्मा सहित अन्य भक्तों ने भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर भक्तों ने भव्य फूलों की होली खेली। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि फागोत्सव के क्रम में 14 फरवरी शनिवार को युगल कुटीर जयलाल मुंशी के रास्ता, चांदपोल बाजार व दिनांक 15 मार्च रविवार को शिव मंदिर, शिव मार्ग, डूंडलोद हाउस में फाग उत्सव मनाया जाएगा।

# वर्धमान सागर महाराज का जुलूस के साथ हुआ भव्य मंगल प्रवेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के छटे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू की भू गर्भ से प्रकटित अतिशयकारी प्रतिमा एवं अति सुन्दर जिनालय के विश्व प्रसिद्ध दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में पंचम पट्टाचार्य वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ 32 पिच्छीका का रविवार को विशाल जुलूस के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर पदमपुरा में गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ 3 पिच्छीका से भव्य मिलन हुआ। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कुमार जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमन्त सोगानी ने बताया कि प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत पंचम पट्टाचार्य 108 वर्धमान सागर महाराज ससंघ का निवाई से गुन्शी, विज्ञान तीर्थ, आदीश्वरधाम चाकसू, शिवदासपुरा होते हुए दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के लिए मंगल विहार हुआ। पहली बार पदमपुरा में होगा चार दिगम्बर जैन संघों के 57 दिगम्बर जैन संतों का महा संगम वही सोमवार 9 फरवरी को अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाडा में साधना महोदधि अन्तर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर महाराज ससंघ 16 पिच्छीका एवं आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ 6 पिच्छीका का भव्य मंगल प्रवेश होगा।

# फागोत्सव आयोजित



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सिद्ध पीठ श्रीवेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में रविवार को फागोत्सव का आयोजन हुआ। वेंकटेश बालाजी मंदिर के श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि फागोत्सव के दौरान मंदिर परिसर का आलौकिक फूलों से श्रृंगार भी किया गया। श्रद्धालुओं ने फागोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में गुलाल व फूलों की होली खेली। अश्विनी आचार्य महाराज के अनुसार फागोत्सव के दौरान भगवान की अर्चना की गई, महा आरती का आयोजन हुआ, जोत जलाई गई एवं शेखावाटी के सुप्रसिद्ध भजन गायककारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गई। धमाल और भजनों पर श्रद्धालु दिन भर झूमते रहे। इस दौरान जयपुर श्याम मित्र मंडल की मंडली एवं सीकर महिला मंडल की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जयपुर, सीकर, हरियाणा एवं शेखावाटी के कोने-कोने से श्रद्धालुओं ने आकर भाग लिया। फागोत्सव के दौरान ही भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# टी-20 वर्ल्डकप-न्यूजीलैंड ने अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया, साइफर्ट का अर्धशतक, फर्ग्यूसन को 2 विकेट

न्यूजीलैंड ने जीत के साथ टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने ग्रुप डी के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 183 रन का टारगेट 17.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा टारगेट चेज रहा। इससे पहले कीवी टीम ने 2021 में अबू धाबी में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया था। टीम के लिए ओपनर टिम साइफर्ट (65) ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा ग्लेन फिलिप्स ने 42, मार्क चापमन ने 28 और डेरिल मिचेल ने नाबाद 25 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए मुजिब उर रहमान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। राशिद खान, मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नाईब (63) ने अर्धशतक लगाया। सेदिकुल्लाह अटल ने 29, रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 और दारविश रसूली ने 20 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट झटके। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और जैकब डफी को 1-1 विकेट मिला।







# अमेरिका की सबसे सफल स्कीयर जेसी डिगिंस की इंस्पायरिंग स्टोरी

## फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, शरीर टूट रहा था, रेस में गिरी भी, पर मां की सीख ने जिता दी हारी हुई बाजी

बीजिंग विंटर ओलिंपिक का आखिरी दिन... प्रकृति और शरीर, दोनों मेरे खिलाफ थे। माइनस 21 डिग्री पारा और बर्फीले तूफान के बीच 30 किमी की रेस थी। रेस से 30 घंटे पहले फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, न खाना पच रहा था, न ही जॉगिंग कर पा रही थीं। फिर भी मैं मैदान में उतरी...।' अमेरिका की सबसे सफल क्रॉस-कंट्री स्कीयर जेसी डिगिंस कहती हैं- रेस के दौरान गिरने और शरीर में ऐंठन के बावजूद वे डटी रहीं। अंततः रेस पूरी कर सिल्वर मेडल जीता और इतिहास रच दिया। तीन वर्ल्ड कप, तीन ओलिंपिक मेडल और सात वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीत चुकी डिगिंस 2026 में इटली में हो रहे विंटर ओलिंपिक में पूरे दमखम के साथ उतर रही हैं, जानिए उनके शीर्ष तक पहुंचने का सफर...

'बात 2022 विंटर ओलिंपिक की है। रेस से पहले हुई फूड पॉइजनिंग से शरीर में पानी और ऊर्जा की भारी कमी हो गई। सुबह 10 मिनट की हल्की दौड़ भी पूरी नहीं कर पाई। बिस्तर पर गिरकर फूट-फूट कर रोने लगी। मम्मी-पापा को फोन किया और बस इतना कह सकी,'सब कुछ वैसा नहीं हो रहा, जैसा होना चाहिए था।' शाम को शरीर थोड़ा संभला। स्पिन बाइक पर हल्की एक्सरसाइज की।

अगली सुबह बस में बैठी तो मां का ई-मेल देखा, जिसने मेरी बेचैनी शांत कर दी। उन्होंने लिखा, 'तुम्हें यह रेस किसी के लिए नहीं करनी है। तुम पर किसी का उधार नहीं है। आज तुम स्कीइंग करती हो तो सिर्फ इसलिए करना क्योंकि तुम्हें इस खेल से प्यार है।' बस, उसी पल दिमाग से दबाव और मन से बोझ हट गया। बर्फीली हवाएं बदन को चाकू की तरह चीर रही थीं। पर असली चुनौती बाहर का मौसम नहीं, बल्कि अंदर चल रहा तूफान था।

जेसी कहती हैं- शरीर टूट चुका था, पर दिल हार मानने को तैयार नहीं था। आधा किलोमीटर के भीतर दूसरी स्कीयर ने कट दिया, मैं गिर पड़ी। आगाज बुरा था, पर मैं उठी। खुद से कहा,'अब खोने को कुछ नहीं, बस दौड़ो।' पर जैसे ही पहाड़ों पर चढ़ाई शुरू हुई, हिम्मत टूटने लगी...। फीड जोन में ड्रिंक लेते समय छोटी सी चूक हुई और नॉर्वे की योहॉग काफी आगे निकल गईं। तेज हवा में अकेले स्की करना खतरनाक था। कोच चिल्लाते रहे- अकेली मत रहो! पर मेरे पास कोई विकल्प था ही नहीं। मेरे घुटनों से शुरू हुई ऐंठन शरीर में फैल गई।

आखिरी लैप तक सबकुछ धुंधलाने लगा और आवाजें सुनाई देना बंद हो गईं। शायद पानी की कमी और गिरता शुगर लेवल मेरा रास्ता रोक रहे थे। 1 घंटा 26 मिनट और 37 सेकेंड में फिनिश लाइन पार की, तो मैं बर्फ पर ऐसे गिरी जैसे किसी ने कठपुतली के धागे काट दिए हों।

# भारत-पाक महा-मुकाबले पर सस्पेंस

## पाकिस्तान को मनाने लाहौर पहुँचे बीसीबी अध्यक्ष

टी20 विश्व कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महा-मुकाबले (15 फरवरी) को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस बीच, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीन-उल-इस्लाम रविवार को लाहौर पहुँचे हैं। उनकी यह यात्रा आईसीसी (आईसीसी) और पीसीबी (पीसीबी) के बीच होने वाली उस महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक से ठीक पहले हो रही है, जिसका उद्देश्य भारत के खिलाफ पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार को रोकना है।

**पाकिस्तान का एकजुटता दांव और आईसीसी का रुख**-पाकिस्तान ने हाल ही में बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ अपने मैच के बहिष्कार की घोषणा की थी। दरअसल, बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अमीन-उल-इस्लाम ने लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से मुलाकात की है।

माना जा रहा है कि आईसीसी अब अमीन के जरिए पाकिस्तान को अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रही है। श्रीलंका क्रिकेट ने भी पीसीबी को ईमेल भेजकर बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया है। एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने नकवी को याद दिलाया कि भारत-पाक मैच न होने से मेजबान श्रीलंका को भारी राजस्व का नुकसान होगा। नकवी ने भारत मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है लेकिन एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा पीसीबी को एक ईमेल भेजने के बाद स्थिति बदल गई है।



इस ईमेल में उनसे बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया गया है। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता भी एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से मिलने कोलंबो गए हैं जिन्होंने नकवी को विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने के लिए ईमेल भेजा था। आईसीसी पहले ही पाकिस्तान से स्पष्टीकरण मांग चुका है कि 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य कारणों से अनुबंध की शर्तें पूरी नहीं कर पाना) नियम का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। पाकिस्तान इस नियम के जरिए टीम के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराना चाहता था क्योंकि पीसीबी ने अपनी सरकार पर जिम्मेदारी डालकर स्थिति से बचने की कोशिश की थी। लेकिन अब उम्मीद की एक किरण दिख रही है क्योंकि पीसीबी ने आईसीसी से बातचीत के लिए संपर्क किया है। आईसीसी के एक निदेशक ने यह जानकारी दी जिन्हें लगता है कि यह बड़ा मुकाबला आखिरकार होगा। आईसीसी वर्तमान में बोर्ड के साथ एक व्यवस्थित तरीके से संभावित समाधान खोजने के लिए बातचीत कर रहा है, इस विचार के साथ कि खेल का हित एकतरफा कार्रवाई से ऊपर होना चाहिए। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए विश्व कप मुकाबलों के लिए भारत जाने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उनकी जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया।

# वानखेड़े का बदला मिजाज!

## अक्षर पटेल ने खोला राज, अमेरिका के खिलाफ मुश्किल में फंसी थी टीम इंडिया

टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में अमेरिका के खिलाफ मिली 29 रनों की जीत के बाद भारतीय उप-कप्तान अक्षर पटेल ने पिच की प्रकृति को लेकर बड़ा बयान दिया है। अक्षर ने स्वीकार किया कि टीम इंडिया वानखेड़े स्टेडियम की पिच के व्यवहार से काफी हैरान थी, क्योंकि पारंपरिक रूप से यह मैदान बड़े स्कोर और सपाट विकेट के लिए जाना जाता है। अक्षर पटेल के अनुसार, टीम को मैदान पर उतरने के बाद यह समझने में लगभग तीन ओवर लग गए कि इस पिच पर एक प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने मात्र 77 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से मेजबान टीम नौ विकेट पर 161 रन बनाने में सफल रही। भारत ने अमेरिका को आठ विकेट पर 132 रन पर रोककर 29 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद अक्षर ने संवाददाताओं से कहा, ''योजना मैच की स्थिति के अनुसार बनाई जाती है। आम तौर पर मुंबई में विकेट सपाट होता है और हमें यह तय करने में लगभग तीन ओवर लगे कि अच्छा स्कोर क्या होगा।'' उन्होंने कहा, ''ड्रेसिंग रूम में हमें पता था कि अगर एक भी बल्लेबाज चल गया



तो हम 140-150 रन के आसपास पहुंच जाएंगे। विकेट भी (अलग तरह से) व्यवहार कर रहा था।'' इस स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने कहा, ''हम हैरान थे क्योंकि हमें लगा था कि यह एक सपाट विकेट है जो आम तौर पर मुंबई में होता है।'' अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में थोड़ा दबाव महसूस हुआ क्योंकि बल्लेबाजी क्रम ढह गया और वह भी टी20 विश्व कप के पहले मैच में। उन्होंने कहा, ''बेशक आप इसे (दबाव को) महसूस करते हैं। क्रिकेट ऐसा ही है (लेकिन फिर) यह अच्छा है कि यह पहले मैच में हुआ।'' अक्षर ने कहा, ''विकेट की प्रकृति को समझना महत्वपूर्ण है और जिस तरह का क्रिकेट हम खेल रहे हैं, हम शॉट को ठीक से नहीं खेल पाए। अगर ऐसा दोबारा होता है तो हमारे पास इसे 160-170 रन तक ले जाने का अनुभव होगा।

स्वास्थ्य

# सर्दियों में इन कारणों से बढ़ सकता है वजन ?

सर्दियों का मौसम काफी सुहावना होता है। इस मौसम में खाने-पीने की भी बहार होती है। लेकिन सर्दियों का मौसम अपने साथ कई समस्याओं को साथ लेकर आता है। इसमें मोटापा भी शामिल है। कई लोगों को लगता है कि सर्दियों में मोटापा बढ़ जाता है। लेकिन काफी हद तक यह सच भी है, क्योंकि कई ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से सर्दियों में वजन बढ़ने लगता है।

### हाई कैलोरी का इनटेक करना

सर्दियों के मौसम को खान-पान के लिए जाना जाता है। इस मौसम में अकसर लोग घर के खाने के साथ ही बाहर का खाना भी जमकर खाते हैं। अकसर लोग पिज्जा, बर्गर, समोसा या फिर ब्रेड पकौड़े का सेवन करते रहते हैं। इतना ही नहीं सर्दियों में लोग जमकर केक, कुकीज, चॉकलेट और अन्य मीठे डेसर्ट्स भी खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा लोग सर्दियों के मौसम में घर पर भी हाई कैलोरी ले लेते हैं, जब वे पराठे, गाजर का हलवा या फिर घी का अधिक सेवन करते हैं। वहीं, स्नैक्स में भी लोग फास्ट फूड और जंक फूड ही खाना पसंद करते हैं। अगर सर्दियों में नियमित रूप से इन चीजों का सेवन किया जाता है, तो आप अधिक कैलोरी का इनटेक कर सकते हैं और आपका वजन बढ़ सकता है। इसलिए कैलोरी की अधिक मात्रा को लेने से सर्दियों में वजन बढ़ सकता है।

### फिजिकल रूप से कम एक्टिव

फिट और हेल्दी बने रहने के लिए फिजिकली एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए आप एक्सरसाइज, योग कर सकते हैं। लेकिन सर्दियों में आलस या थकान की वजह से अकसर लोग फिजिकली कम एक्टिव रहते हैं।

इससे उनके द्वारा खाई गई कैलोरी को बर्न करने में मदद नहीं मिल पाती है। इससे आपका वजन सर्दियों में बढ़ सकता है। सर्दियों में जब अधिक खाना खाया जाता है, लेकिन जब एक्सरसाइज नहीं की जाती है तो वजन बढ़ सकता है। इसलिए अगर आप अपने वजन को कंट्रोल में रखना चाहते हैं, तो सर्दियों में भी फिजिकली रूप से एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है।

### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर

सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर भी सर्दियों में वजन बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है। यह डिसऑर्डर सर्दियों में अधिक देखने को मिल सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति को आलस महसूस हो सकता है, भूख अधिक लग सकती है। साथ ही इस डिसऑर्डर में शुगर और कार्ब्स की भी क्रेविंग होती है। ऐसे में आपका सर्दियों में वजन बढ़ सकता है।



### सर्दियों में वजन कंट्रोल में कैसे रखें?

- सर्दियों में वजन को कंट्रोल में रखने के लिए आप कुछ टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।
- इसके लिए आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, नट्स, सीड्स शामिल कर सकते हैं।
- शुगर, कार्ब्स और फैट का सेवन कम मात्रा में करें।
- फिजिकली रूप से एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है।

### ज्यादा सोना

सर्दियों में आलस, थकान की वजह से अकसर लोग लंबे समय तक बैठा रहता है। वहीं, बहुत ज्यादा देर तक सोते भी रहते हैं। सर्दियों में सुबह उठा नहीं जाता है, दिन में भी अधिक नींद आती है। ऐसे में अकसर लोग फिजिकली कम एक्टिव रहते हैं, इसकी वजह से वजन तेजी से बढ़ सकता है।

# हड्डियों को मजबूत बनाता है ये पांच तरह का तेल, बुढ़ापे में नहीं होगा जोड़ों का दर्द



हड्डियों में मजबूती बेहद जरूरी है। तभी तो नवजात शिशु की मालिश तेल से की जाती है। इन दिनों युवाओं में हड्डियों और जोड़ों में दर्द की शिकायत काफी देखी जा रही है। जोड़ों में दर्द का कारण नमी की कमी है, जिसकी वजह से दो हड्डियों के बीच घर्षण होने लगता है। जिससे दर्द की समस्या पैदा हो जाती है। ये परेशानी उम्र के साथ बढ़ती जाती है और इंसान को चलने-फिरने में तकलीफ होने लगती है। हड्डियों के दर्द और कमजोरी की समस्या से ग्रस्त हैं तो तेल से मालिश करें। तेल की मालिश हड्डियों को मजबूत बनाती है और उसमे नमी बनाकर रखती है। जिससे बुढ़ापे में होने वाले जोड़ों के दर्द से काफी राहत मिलती है।

**तिल का तेल :** तिल सेहत के लिए बहुत तरीके से फायदेमंद है। डाइट में तिल को शामिल करने से कैल्शियम की कमी दूर होती है। वहीं तिल के तेल की मालिश जोड़ों के दर्द और बोंस में होने वाले सूजन को कम कर करती है। तिल के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स होने के साथ एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो दर्द को कम करते हैं। तिल के तेल को पकाकर ठंडा कर लें और फिर घुटनों में लगाएं।

**महुआ का तेल :** महुआ का तेल काफी लंबे समय से जोड़ों के दर्द में देसी इलाज के रूप में प्रयोग किया जाता रहा है। इससे भी सूजन में कमी और दर्द से राहत मिलती है। महुए के तेल को गुनगुना कर रात में पैरों और जोड़ों पर लगाने से दर्द में आराम महसूस होता है।


**जैतून का तेल :** जैतून के तेल से अक्सर बच्चों को मालिश की जाती है। ये तेल त्वचा में तेजी से अवशोषित होता है और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है। जैतून के तेल में लहसुन को पकाकर लगाने से हड्डियों को रोजाना मालिश मजबूती देती है और दर्द में आराम मिलता है।

**लहसुन का तेल :** लहसुन में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो जोड़ों के दर्द में बहुत राहत पहुंचाते हैं। सरसों के तेल में लहसुन की कलियों को डालकर पका लें।

इस तेल को ठंडा करें और जोड़ों की मालिश करें। सर्दियों में इस तेल की मालिश हड्डियों की जकड़न को कम करके राहत पहुंचाती है।

**लौंग का तेल :** लौंग का तेल अक्सर दांतों के दर्द में राहत देता है लेकिन इसे हाथों-पैरों पर लगाने से भी काफी राहत मिलती है। सूजन और दर्द में राहत के लिए सरसों के तेल में मिलाकर लौंग के तेल को पका लें। फिर इसे दर्द वाले हिस्से पर लगाकर छोड़ दें। रोजाना इस तेल की मालिश से दर्द से निजात मिलेगी।

# सर्दियों में वजन घटाने के लिए खाएं किन्नू, इसके सेवन करने का तरीका



**किन्नू एक सिट्रस फल है। संतरे की तरह दिखने वाला ये फल खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होता है। सर्दियों के मौसम में किन्नू बहुत ही आसानी से मिल जाता है। किन्नू में विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण किन्नू और किन्नू का जूस सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य गुणों से भरपूर किन्नू वजन घटाने में मदद कर सकता है। सर्दियों के मौसम में पसीना कम आने और कई सारे पकवान खाने के बाद जो लोग वजन घटाने की प्लानिंग कर रहे हैं वो अपनी डाइट में किन्नू को शामिल कर सकते हैं।**

**वजन घटाने में कैसे मदद करता है किन्नू :** किन्नू में फाइबर और विटामिन सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। फाइबर और विटामिन सी होने की वजह से किन्नू का सेवन मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में मदद करता है। मेटाबॉलिज्म बूस्ट होने से शरीर का वजन तेजी से घटाने और वजन को मेंटेन करने में मदद मिलती है। कई रिसर्च में ये बात सामने आ चुकी है कि किन्नू का सेवन करने से पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। पेट लंबा समय तक भरा हुआ रहने से आप अतिरिक्त फैट और कैलोरी खाने से बच जाते हैं। एक्स्ट्रा फैट और कैलोरी का सेवन न करने की वजह आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

**वजन घटाने के लिए कैसे करें किन्नू का सेवन :** वजन घटाने के लिए आप किन्नू का सेवन सलाद, एक आम फल के तौर पर कर सकते हैं। वजन घटाने के लिए किन्नू का सेवन हमेशा सुबह नाश्ते या लंच के तौर पर करना चाहिए। किन्नू की तासीर ठंडी है, ऐसे में अगर इसका सेवन रात को किया जाए तो ये सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियों का

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## राष्ट्रीय ऋण योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 11 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय ऋण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निधारित लक्ष्यों के विरूद्व अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांगजन वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से पात्र आवेदकों का 11 फरवरी, 2026 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पुराने कार्यालय भवन में सवेरे 10 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अनुजा निगम परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र सिंह ने बताया कि संबधित आशार्थी साक्षात्कार में अपने साथ ऑनलाइन किए गए आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट, जाति प्रमाण पत्र, जनाधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अगर लागू हो एवं बैंक पासबुक प्रति साथ लेकर उपस्थित हो। साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने वाले आशार्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## निर्वाचन विभाग से संबंधित अभिलेखों की सूचना प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि 10 फरवरी

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन भंडार तथा जिले के समस्त ईआरओ कार्यालयों में उपलब्ध नाकारा एवं अनुपयोगी रद्दी सामग्री की नीलामी की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। इस क्रम में आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को विधानसभा, लोकसभा, पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के आम अथवा उपचुनावों से संबंधित वर्ष 2019 तक के चुनावी कार्य से जुड़े किसी भी प्रकार के दस्तावेजों की जानकारी अथवा उनकी प्रतिलिपि प्राप्त करनी हो तो वह 10 फरवरी तक कार्यदिवसों में कार्यालय समय के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय (स्टोर), सीकर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सूचना प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि 10 फरवरी के पश्चात वर्ष 2019 से पूर्व के किसी भी प्रकार के अभिलेखों अथवा सूचनाओं को उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा।

## शिव पुराण कथा महोत्सव : तैयारियों पर चर्चा कर सौंपी जिम्मेदारियां




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के बैनर तले आगामी 20 से 26 मार्च तक होने वाली श्री शिव पुराण कथा, श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मानसरोवर, अरावली मार्ग स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में आयोजन को कैसे ऐतिहासिक बनाएं इस पर मंथन किया गया, साथ ही विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई। आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री ने बताया कि इस मौके पर आयोजन से जुड़े समिति के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव रखे, जिन्हें सभी ने गहनता से सुनकर मंथन किया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों की एक ही राय थी कि शिव पुराण कथा का प्रचार-प्रसार अधिक संख्या में कैसे हों ताकि अधिक से अधिक लोग कथा का रसपान कर सके और कथा के दौरान किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो, इस तरह की व्यवस्था कथा के दौरान की जाए, साथ ही कोटि यजमानों की संख्या को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी के विचार-विमर्श के बाद विभिन्न समितियों का गठन कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई।

अत्री ने बताया कि आयोजन के दौरान सर्वप्रथम 15 मार्च को ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां भी जोरों पर चल रही है। इस बार कलश यात्रा में 11 हजार के आसपास महिलाएं सम्मिलित होगी।

## किसान महापंचायत की तैयारी हेतु किया जनसंपर्क

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर में होने वाली किसान महापंचायत की तैयारी हेतु किसान सभा के पदाधिकारियों ने रविवार को गांवों में जनसंपर्क किया।



पदाधिकारियों ने ओजरिया चांगोई, घासला, श्योपुरा, बनड़ा, हरिपुरा, देवगढ़ और बांय गांव में जनसम्पर्क किया व किसान महापंचायत में अधिकाधिक संख्या में तारानगर पहुंचने की अपील की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किसान नेता उमराव सहारण, चिमनाराम, विजयपाल गोस्वामी, कामरेड गणेश प्रजापत, कामरेड कुंदन, कामरेड हजारीलाल साथ में उपस्थित रहे।

## सेकंड चेतन प्रताप मेमोरियल रैपिड ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शतरंज खेल को प्रोत्साहन देने एवं युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सेकंड चेतन प्रताप मेमोरियल रैपिड ओपन चेस टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ रविवार को एसएस जैन सुबोध कॉमर्स एंड आर्ट्स कॉलेज रामबाग जयपुर में आयोजित हुआ। टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मधु मोदी, कन्वीनर एसएस जैन सुबोध कॉमर्स एंड आर्ट्स कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि विजय प्रताप सिंह द्वारा प्रतीकात्मक रूप से पहला मूव चलकर किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 105 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 32 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल ने भी टूर्नामेंट स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने खिलाड़ियों एवं आयोजक मंडल से संवाद करते हुए आयोजन की सराहना की तथा शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। एकता अग्रवाल ने आयोजकों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों के लिए जब भी आवश्यकता होगी। वे सदैव आयोजकों के साथ खड़ी रहेंगी। जयपुर जिला शतरंज संघ जेडीसीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट श्रेयांशी जैन एवं तीशा ब्याडवाल की सहभागिता टूर्नामेंट को विशेष गौरव प्रदान कर रही है, जिससे आयोजन का स्तर और अधिक ऊँचा हुआ है। इस अवसर पर मंच संचालन टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर जिनेश कुमार जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ रवि शर्मा प्राचार्य एसएस जैन सुबोध कॉलेज अजय प्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह सहित अनेक अभिभावक, गणमान्य अतिथि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## क्लिक से पहले सतर्कता जरूरी : स्कूल में गूंजा साइबर सुरक्षा का मंत्र

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** डिजिटल युग में बढ़ते खतरों के बीच छात्रों को साइबर कवच प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत जयपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर अपराध के बदलते चेहरों से रूबरू कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल्स और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को निशाना बनाया जाता है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन है लेकिन बिना सतर्कता के यह एक खतरनाक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बन सकता है। एएसपी सुनीता मीणा ने छात्रों को सुरक्षा के व्यावहारिक गुरुमंत्र दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या संदिग्ध गतिविधि होने पर घबराने के बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए। छात्रों को सिखाया गया कि कैसे अपनी निजी जानकारी को गोपनीय रखें और सोशल मीडिया पर किसी भी अजनबी से संवाद करते समय सावधान रहें।

**विद्यार्थियों में दिखा जबरदस्त उत्साह**-कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न केवल ध्यानपूर्वक उन्हें सुना बल्कि अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं सुरक्षित रहेंगे बल्कि अपने परिवार और समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

## खाचरियावास का सालासर जाते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा क्षेत्र के जयपुर-सीकर हाईवे स्थित रोड नंबर 14 पर रविवार सुबह राजनीति और जनसंपर्क का खास दृश्य देखने को मिला। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सालासर दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत कर माहौल को उत्सव में बदल दिया। कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर और फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। स्वागत के दौरान कांग्रेस समर्थकों ने जोशपूर्ण नारे लगाए, जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक उत्साह नजर आया। खाचरियावास ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनका अभिवादन स्वीकार किया और क्षेत्र के हालात पर चर्चा भी की। इस दौरान खाचरियावास ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सड़क किनारे पक्षियों और अन्य जीवों को चुग्गा डाला। उनके इस छोटे लेकिन अर्थपूर्ण कार्य ने उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया और समाज में करुणा व संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने खाचरियावास को क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूती का प्रतीक बताते हुए उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। कुछ देर रुकने के बाद खाचरियावास सालासर के लिए रवाना हो गए। राजनीतिक हलकों में इस स्वागत को खाचरियावास की लोकप्रियता और जनाधार के रूप में देखा जा रहा है। वहीं क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की सक्रियता भी साफ दिखाई दी।

## सांगलिया धूणी पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज आएंगे सुजानगढ़

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास में ब्रज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ एवं विशाल कलश यात्रा का आयोजन होगा। किशोर दास स्वामी ने बताया कि सुबह कृषि मंडी के पीछे श्री गणेश मंदिर से अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी ओम दास महाराज के पावन सानिध्य में विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा शगणेश मंदिर से होते हुए कृषि मंडी के सामने से बीड़दा दास बगीची होते हुए ब्रज धाम कथा स्थल पहुंचेगी। जहां पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर श्रीमद भागवत कथा का रसापान कराएंगे। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## 5 हजार 500 धावकों ने हरित भविष्य के लिए लगाई दौड़

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन-6 के तहत रविवार को पिंक सिटी जयपुर में हरित भारत के लिए दौड़ का संदेश गूंजा। सूरज मैदान से शुरू हुई इस मैराथन में 5 हजार 500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। पेशेवर धावकों के साथ छात्र, परिवार, फिटनेस समूह, वायुसेना, थलसेना व रक्षा कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। मैराथन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों प्रभु कुमार महाप्रबंधक एनडब्ल्यू, गगन मोहन प्रसाद डीजीएम, दिग्विजय सत्येंद्र नारायण, देव आनंदए आसिफ रज़ा अली, कल्याण गजवेल्ली और अजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## बधाई : भगवान सिंह राठौड़ की एसआई पद पर पदोन्नति

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** ग्राम राणासर बीकान निवासी भगवान सिंह राठौड़ को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने एवं गृह जिला चूरू में पदस्थापित होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने कोटि-कोटि शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं। भगवान सिंह राठौड़ अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। पुलिस विभाग में लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए आमजन में विश्वास कायम किया। पदोन्नति के साथ गृह जिला चूरू में नियुक्ति मिलने से स्थानीय लोगों में भी खुशी है और उम्मीद जताई जा रही है कि उनके अनुभव का लाभ जिले की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने कहा कि भगवान सिंह राठौड़ की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की।

## प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश दास महाराज ने केड शक्ति धाम के दर्शन किए



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** भजन सम्राट प्रकाश दास महाराज ने रविवार को प्रसिद्ध केड शक्ति धाम के दर्शन किए। आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पलटूदास अखाड़ा मोरिंडा धाम के मुख्य संयोजक गिरदावर जगदीश प्रसाद शर्मा सहित कई वरिष्ठ लोग भी महाराज के साथ रहे।। किवाड़ गौशाला के महंत दादूपंथी संत प्रकाश दास महाराज ने देश की युवा पीढ़ी को अपना जन्म दिवस गौ शाला में गौमाता को चारा खिलाकर मनाने का संदेश दिया। उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की। इस अवसर पर राधेश्याम कुमावत, मुकेश शर्मा घाटीपुरा, राकेश मीणा, सत्यनारायण, पिंटू भैया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जागरूकता अभियान 15 फरवरी तक

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर ग्रामीण स्तर पर जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। 8 मार्च तक चलने वाले इस 6 चरणीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों, रोजगार गारंटी, पारदर्शी मजदूरी भुगतान और विकेन्द्रीकृत पंचायत प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कानूनी प्रावधानों और फायदों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधिकारों से रूबरू कराने के लिए विकसित भारत ग्राम संवाद गतिविधियां सोमवार से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, ग्राम सभा, ग्राम स्तरीय बैठक में 5 मिनट का सरल संवाद, जिसमें अधिनियम के अंतर्गत काम का वैधानिक अधिकार, भुगतान की प्रक्रिया, बेरोजगारी भत्ता एवं योजना निर्माण इत्यादि की ग्राम स्तर पर अधिनियम की बुनियादी समझ, अधिकारों एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी दीवार लेखन/फ्लैक्स से हर ग्रामीण परिवार को 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएंगे। जिसमें प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिन का रोजगार दिए जाने के संबंध में जानकारी दी जाएगी एवं मजदूरी का सीधा खाते में भुगतान एवं देरी पर मुआवजा दिए जाने के प्रावधानों के बारे में बताया जाएगा। जी राम जी योजना के तहत काम उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा सकेगा।

## पत्रकार गौड़ को मातृशोक

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** प्रेस रिपोर्टर नंदलाल गौड़ की माताजी भगवती देवी का निधन हो गया। 86 वर्षिय भगवती देवी कुछ समय से शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी जिन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांसें लेते हुए भगवान के चरणों में समर्पित हो गई। तीन फरवरी रात्रि को वह सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु के चरणों में लीन हो गई। अपने पीछे तीन पुत्र-पुत्र वधू, एक पुत्री, तीन पौत्र, दो प्रपौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार लोसल में मुक्तिधाम में किया गया।

## सड़क हादसे में तीन लोग हुए घायल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सालासर रोड पर लोढ़सर बस स्टैंड के पास ट्रेक्टर ट्रॉली और ट्रेलर की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिसमें दो लोग घायल हो गए तथा एक को मामूली चोट लगी। लोढ़सर निवासी दुकानदार नारायण प्रजापत द्वारा हादसे की सूचना मिलते ही टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत, सदर थाना सुजानगढ़ से उप निरीक्षक गीता रानी, 108 मौके पर पहुंचे तथा ट्रेलर में फंसे चालक, खलासी, ट्रेक्टर चालक को ग्रामीणों के सहयोग से निकालकर सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आये तथा इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। घायलों मे ट्रेक्टर चालक हरिदास पुत्र सीतादास स्वामी निवासी ओडींट लाडनूं, ट्रेलर चालक आवेश व कासिम निवासी गांव ओजरी तहसील कराना, जिला शामली उत्तरप्रदेश शामिल हैं। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रेलर नागौर साइड जा रहा था जबकि ट्रेक्टर सालासर साइड जा रहा था। घटना के बाद आवागमन बाधित हुआ पर पुलिस और हाईवे रख-रखाव की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से वाहनों को साइड में कराया।

## एसडीएस कॉलेज में दिया एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में संचालित एनसीसी ईकाई 3 राज गर्ल्स बटालियन के कैडेट्स को जोधपुर यूनिट के हवलदार गब्बर सिंह एवं हवलदार तेज कुमार गुरंग ने 22 राइफल एवं एसएलआर राइफल के पार्ट्स की जानकारी दी। राइफल को खोलना व बंद करना, फायरिंग पोजिशन्स, मैप रीडिंग, फिल्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, ड्रील व डीएसटी आदि का प्रशिक्षण दिया। कैडेट्स के बीच वेपन ट्रेनिंग की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी करवाया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मेघना सोनी ने बताया कि एनसीसी द्वारा आयोजित होने वाली बी व सी सर्टिफिकेट परीक्षा में महाविद्यालय के कैडेट्स हिस्सा लेंगे, उनके लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उप प्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने प्रशिक्षण देने युनिट से आए हवलदार गब्बर सिंह एवं हवलदार तेज कुमार गुरंग का धन्यवाद दिया।

# हिंदू सम्मेलन : सामाजिक समरसता, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का विराट संदेश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को जयपुर महानगर की 88 बस्तियों में एक साथ विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हुआ। इन सम्मेलनों में सामाजिक समरसता, पारिवारिक संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और राष्ट्रभाव को सशक्त संदेश दिया गया। औसतन प्रत्येक कार्यक्रम में करीब 2000 से अधिक नागरिकों की सहभागिता रही। जबकि 1000 से अधिक मातृशक्ति ने कलश यात्राएं और 1 हजार 500 से अधिक महिलाओं ने तुलसी यात्राओं में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सम्मेलनों की शुरुआत विभिन्न क्षेत्रों में भव्य कलश यात्राओं, भगवा रैलियों और प्रभात फेरियों से हुई।

पिछले 15 दिनों से घर-घर पीले चावल देकर समाज जागरण किया गया। कार्यक्रमों में प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण को विशेष महत्व दिया गया। मानसरोवर, ब्रह्मपुरी, महारानी फार्म, आमेर, करधनी, मालवीय नगर, झोटवाड़ा, प्रताप नगर, चारदीवारी और सी-स्कीम सहित कई क्षेत्रों में हुए सम्मेलनों में पंच-परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार-पर केंद्रित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बौद्धिक सत्र हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री ने कहा कि हिंदुत्व ही विश्वबंधुत्व की आधारशिला है। समाज की एकता और राष्ट्रीयता को और मजबूत करना होगा। विभिन्न मंचों से वक्ताओं ने कहा कि संगठित समाज ही संस्कृति और पहचान की रक्षा कर सकता है। सम्मेलनों में गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण, दहेज मुक्त विवाह करने वाले परिवारों, संयुक्त परिवारों, वीर माताओं, शहीद सैनिकों के परिजनों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, गायत्री यज्ञ, लोकनृत्य और देशभक्ति प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया।

संत मोहनलाल महाराज ने कहा कि गो, गंगा और गीता सनातन धर्म के तीन स्तंभ हैं। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता ही उन्नति का मार्ग है। आयोजकों के अनुसार महानगर की कुल 291 बस्तियों में चरणबद्ध रूप से विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। 88 बस्तियों में हुए आयोजनों ने जयपुर में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और पर्यावरण चेतना का विराट संदेश दिया।

# मिसाल : शादी में टीके की रस्म में मात्र 1 रुपया व नारियल लिया



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** शादी में कितना टीका आया ? यही तो सवाल होता है . . जब शादी के बारे में पूछा जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही टीका नामक प्रथा को नकारकर एक दूल्हे ने दहेज प्रथा को रोकने के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की। दूल्हे प्रकाश सिंह राठौड़ का मानना है कि इस प्रथा के कारण कई बार बेटी के घरवाले अपना सब कुछ दाव पर लगा देते हैं, ब्याज पर पैसा लेकर रस्म को अदा करते हैं, कई बार तो जमीन-जेवर तक बेच देते हैं ताकि वर पक्ष के मान-सम्मान व सामाजिक प्रतिष्ठा में कोई कमी ना रहे । सीकर जिले के श्रीमाधोपुर तहसील के दिवराला गांव में दूल्हे ने दहेज प्रथा को रोकने के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की। दूल्हे ने शादी के दौरान टीका रस्म में मिले 5 लाख 51 हजार रुपए लेने से इनकार कर दिया लेकिन परंपरा को निभाने के लिए दूल्हे और उनके पिता ने टीका रस्म के रूप में एक रुपया और नारियल लेकर शादी कर एक सराहनीय पहल की। दूल्हे ने टीके की 5 लाख 51 हजार रुपए की रकम को लौटाकर दहेज प्रथा को खत्म करने का संदेश दिया। दूल्हे के इस कदम की गांव और आसपास में जमकर सराहना हो रही है। डीडवाना के बिठुड़ा गांव निवासी प्रकाश सिंह की बारात 6 फरवरी को दिवराला गांव आई थी। जिसमें दूल्हे ने शगुन में केवल 1 रुपया और नारियल लेकर राजपूत समाज में सादगी का संदेश दिया। आपको बता दें कि डीडवाना के बिठुड़ा निवासी अभय सिंह राठौड़ के सुपुत्र प्रकाश सिंह राठौड़ का विवाह दिवराला निवासी विक्रम सिंह शेखावत की सुपुत्री इंदु शेखावत के साथ हुआ है। दूल्हा प्रकाश सिंह सेना में क्लर्क के पद पर कार्यरत है और दूल्हे के पिता भी सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त है ।

### तीन पीढ़ियों से कर रहे हैं देश सेवा

बिठुड़ा निवासी जोधा परिवार 3 पीढ़ियों से देश सेवा में जुटा है। दूल्हे प्रकाश सिंह के दादा सवाई सिंह भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे और उनके पिता अभय सिंह भी सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त है। दूल्हा प्रकाश सिंह इंडियन आर्मी में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। ग्राम दिवराला के अणत सिंह राजपूत सभा भवन में हुई सामेला रस्म में वर पक्ष ने टीके की रकम को हाथ जोड़कर लौटाते समय शगुन में 1 रुपया और नारियल लेते हुए कहा कि समाज में टीके की प्रथा को बंद किया जाना चाहिए जिससे कि किसी गरीब परिवार पर लड़की बोझ नहीं बने। समाज के लोगों ने तालियां बजाकर वर पक्ष की इस पहल का स्वागत किया। दूल्हे के पिता अभय सिंह ने बताया कि आधुनिक भारत में जहां लड़कियां देश, समाज और परिवार का प्रतिनिधित्व कर रही है। वहां शादी समारोह में केवल नारियल लेकर शादी की परंपरा निभाकर उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता है। दुल्हन पक्ष से टीके में दिए 5 लाख 51 हजार रुपए वापस लौटाए तो दुल्हन के पिता भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि ऐसे फैसलों से किसी भी पिता को लड़की बोझ नहीं लगेगी। इस तरह के फैसले समाज की नई दिशा तय करेंगे। वह भी इस अनूठी पहल को परंपरा के रूप आगे बढ़ाने का काम करेंगे। सामेला रस्म में वधु पक्ष की ओर से ठाकुर नरपत सिंह, दशरथ सिंह, जय सिंह, कर्ण सिंह, जवान सिंह, मोती सिंह, रणवीर सिंह, दयाल सिंह, प्रताप सिंह, नवल सिंह, डॉ दिलीप सिंह, दुल्हन के नाना नरेंद्र सिंह समेत रिश्तेदार एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह 10 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इन्टरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट एवं रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र, जयपुर की ओर से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की सहभागिता में राजस्थान की ध्रुवपद-विरासत के हस्ताक्षर ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पं लक्ष्मण भट्ट तैलंग की पुण्यतिथि 10 फरवरी को 32वां अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह जयपुर ध्रुवपद धरोहर आयोजित किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र के कृष्णायन सभागार में सायं 6 बजे से विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी। इसका प्रारम्भ भारत के 150 वर्ष पूर्ण कर चुके राष्ट्रगीत वन्देमातरम के गौरव-गान से होगा, उसकी गुण-बखान की विविधता के भाव के अनुरूप परम्परागत धुन को नवीन ध्रुवपद के छंद में कुछ नये स्वर-संयोजनों के सौन्दर्य के साथ विस्तार दिया जायेगा, जिसे ध्रुवपद-गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में उनके शिष्य प्रस्तुत करेंगे। ये कलाकार तानसेन रचित मध्यकालीन ध्रुवपद-रचना का भी गायन करेंगे। समारोह के अन्य आकर्षण में ध्रुवपद की मंदिर-परम्परा की प्राचीन प्रबन्ध-शैली की दुर्लभ भक्ति-रचनाओं सहित अन्य विविध हवेली संगीत की रचनाएँ अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध गायक आचार्य गोस्वामी रणछोड़ लाल द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। दूसरी प्रस्तुति में ग्वालियर के युवा प्रतिभावान ध्रुवपद-गायक अनुज प्रताप सिंह डागर घराने का धुवपद गायन पेश करेंगे। समारोह में पं. प्रवीण आर्य, प्रतीश रावत, ऐश्वर्य आर्य पखावज पर, सारंगी पर उ. अमरूद्दीन एवं हारमोनियम पर रवीन्द्र सिंह संगत करेंगे। समारोह में गोस्वामी रणछोड़ लाल को पं. लक्ष्मण भट्ट धरोहर सम्मान, अनुज प्रताप सिंह को विशिष्ट ध्रुवपद प्रतिभा सम्मान एवं विशिष्ट कला-लेखन अवार्ड कला स्तम्भकार ललित शर्मा अकिंचन को दिया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. के एल जैन, अध्यक्ष डॉ. राघव प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिल शुक्ला एवँ डॉ. सविता पाइवाल होंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका ध्रुवावाणी 2026 के पोस्टर का भी विमोचन होगा।

# ससुर, सौतेली सास और उसके बच्चों पर मारपीट का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड नं 9 की एक महिला के साथ ससुर, सौतेली सास और उसके बच्चों द्वारा मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी सौतेली सास रजिया के साथ ही रहती है। उसकी सास ने अपने पूर्व पति के बेटे खालिद, बेटी सिमरन और साइना को साथ रहने बुला लिया। जिसके बाद ससुर हमीद अगवान के साथ सौतेली सास और उसके पहले पति के बच्चे उसे घर से निकल जाने को कहते। नहीं जाने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। 17 जनवरी को सभी ने मिलकर उसे बन्दी बना लिया। जिस पर उसने 112 पर शिकायत की तो पुलिस ने आकर उसे छुड़वाया। इसके बाद 3 फरवरी को सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके पति के आने पर दोनों को बंधक बना लिया। तब उसके पति ने पुलिस और परिजनों को फोन किया तो उन्होंने उन्हें छोड़ा। घटना के दौरान उसकी स्थिति गंभीर होने पर उसे राजकीय बगड़िया हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से उसे सीकर रैफर कर दिया। महिला ने ससुर, सौतेली सास और उसके पहले पति के बच्चों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वार्षिक उत्सव : बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सीकर ग्लोबल रेजिडेंशियल स्कूल मऊ में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिससे पूरे आयोजन में सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल बना। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।

बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के डायरेक्टर श्याम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे वार्षिक उत्सव विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए क्योंकि इससे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की बास्केटबॉल टीम, जिसने स्टेट लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया था को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। समापन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। कुल मिलाकर वार्षिक उत्सव शिक्षा, संस्कृति और खेल प्रतिभा का सुंदर संगम साबित हुआ।

# पिंक टेस्ट के तीसरे दिन कल्चर, आर्ट और लिटरेचर का संगम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आरआईसी जयपुर में आयोजित पिंक टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय संस्कृति, कला और साहित्य का जीवंत उत्सव देखने को मिला। दिनभर चले सत्रों में विचार-विमर्श, पुस्तक विमोचन, योग नृत्य प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक चर्चाओं ने दर्शकों को आकर्षित किया। जयपुर की अनकही कहानी जैसे सत्रों में राजधानी से जुड़ी कहानियों पर चर्चा हुई, वहीं सरकारी व्यवस्था पर व्यंग्यात्मक पुस्तक चरण पुराण सहित कई पुस्तकों का विमोचन किया गया। योग और नृत्य पर आधारित सत्रों में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर जोर दिया गया। भारत के हमेशा रहने वाले विचार विषय पर आयोजित पैनल में पद्मश्री प्रो. भारत गुप्त, गौरी शंकर गुप्ता और आदित्य पटवर्धन ने भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक निरंतरता पर प्रकाश डाला। मंदिरों की टैक्सोनॉमी, डिवोशनल एस्थेटिक्स और कल्चरल नेशनलिज्म जैसे विषयों पर भी गहन चर्चाएं हुई। कार्यक्रम में कपिल राज, प्रियंका शर्मा कैंतुरा, नीतीश भूषण, गीतमाला जलोटा और नेहा कौल सहित कई साहित्यकार एक मंच पर नजर आए। धुरंधर का धमाल सत्र में सिनेमा और भारतीय कहानी कहने की परंपरा पर चर्चा हुई। पिंक टेस्ट का तीसरा दिन कला, विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति का यादगार मंच बनकर उभरा।

# विप्र महासभा का ऐलान

## घूसखोर पंडित के डायरेक्टर को जूते मारने वाले को एक लाख का इनाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विप्र महासभा ने घूसखोर पंडित फिल्म का विरोध करते हुए फिल्म के डायरेक्टर और अभिनेता के खिलाफ ऐलान करते हुए उन्हें जूते मारने वाले को एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनील उदोईया ने घूसखोर पंडित फिल्म के डायरेक्टर और एक्टर को जूता मारने वाले को एक लाख देने का ऐलान किया है। महासभा ने डायरेक्टर और अभिनेता को जूते मारने वाले व्यक्ति को विप्र वीर सम्मान देने की घोषणा की है। इसके साथ ही एक लाख रुपये के इनाम का भी ऐलान किया गया है। विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनील उदोईया ने बताया कि यह फैसला समाज के आत्मसम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। फिल्म के नाम को लेकर समाज में भारी विरोध है फिल्म का शीर्षक जातिगत भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म घूसखोर पंडित के शीर्षक को लेकर देश भर में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। विवाद के शुरुआती चरण में उत्तर प्रदेश पुलिस ने लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र में फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे और उनकी टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सहित अन्य संगठनों ने कई शहरों में फिल्म से जुड़े लोगों के पुतले जलाए और फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। राजनीतिक स्तर पर भी इस मुद्दे पर बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने फिल्म उद्योग पर भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से ब्राह्मण समाज को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऐसी सामग्री समाज में विभाजन पैदा करती है और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विवाद के बीच फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि फिल्म का शीर्षक एक काल्पनिक चरित्र से जुड़ा है और इसका उद्देश्य किसी भी समुदाय, धर्म या जाति को अपमानित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि फिल्म को उसके पूरे कथानक के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रचार सामग्री को वापस लिया गया है, जिसिसे किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। बीएसपी प्रमुख मायावती ने भी इस विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि यह मामला जातिगत भावनाओं को भड़काने वाला है और ब्राह्मण समाज का अपमान करता है।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में धर्म और संस्कृति का दिखा भव्य प्रदर्शन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे की विश्वकर्मा बस्ती एवं शिवाजी बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के तहत क्षेत्र में आठ अलग-अलग स्थानों से कलश यात्राएं निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। वहीं धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत 11 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। सम्मेलन की अध्यक्षता महंत कृष्ण गिरी महाराज ने की। सम्मेलन के मुख्य वक्ता उम्मेद सिंह, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने समाज को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का आह्वान किया। डॉ सत्यवती बुडानिया ने भी विचार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

इस विराट आयोजन में सभी समाजों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिससे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया। सम्मेलन में सीताराम दर्जी गायक कलाकार शास्त्री संगीत, यजुर्वा टीम के वीरेंद्र जैन पर्यावरण संरक्षण, नाथूराम चुयल लकड़ी कला, राम नारायण बरवाडिया नगाड़ा वादन, मनोज कुमार जांगिड़ राजस्थानी साफा, महेन्द्र जांगिड़ रामलीला, देवचंद सैनी, रीतु सैनी गौशाला व गो सेवा, सांवत राम भामी पेंटिंग चित्रकला, प्रभुसिंह राठौड़ गिन्दड़ आयोजन, सागर राम प्रजापत मिट्टी बर्तन कला, बीरबल राम भोपा जुम्मा व भजन गायक, श्योलाल भोपा नृत्य,कमल सिंह मेड़तिया तेराक, गोमदराम भामी धार्मीक स्थल सफाई, विजय कुमार भांड बहरूपिया कला तथा सभी घायल पशु व पक्षियों को बचाने वाले टीम सदस्यों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बस्ती के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह और धार्मिक वातावरण बना रहा।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सुरेंद्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। इस दिन पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

# ग्वालिया बाबा मंदिर में 5वीं बार चोरी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। खोरा बीसल थाना इलाके में स्थित मंशारामपुरा के प्रसिद्ध ग्वालिया बाबा मंदिर में अज्ञात चोरों ने पांचवी बार निशाना साधते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण और श्रद्धालुओं में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होने मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित होकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी के मामले को लेकर पुलिस को आंदालने की चेतावनी दी। गौरतलब है कि थाना इलाके में स्थित मंशारामपुरा गांव में प्राचीन ग्वालिया बाबा का मंदिर बना हुआ है। जिसके गर्भगृह से भगवान के लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात नकबजन चोरी कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अज्ञात नकबजनों ने पांचवीं बार मंदिर के चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जानकी जन्मोत्सव और कालाष्टमी आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन माता सीता का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इस दिन माता जानकी की वृद्धि योग में विधिवत पूजा की जाएगी। इस बार जानकी जयंती और कालाष्टमी दोनों ही आज सोमवार को मनाएं जाएंगे । आचार्य गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा ने बताया कि माता सीता को त्याग, प्रेम, धैर्य और मर्यादा की प्रतीक माना गया हैं । इस दिन भक्त पूरे श्रद्धा भाव से माता जानकी की पूजा-अर्चना करके सुख-समृद्धि व वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना करते हैं। कालाष्टमी के दिन काल भैरव की पूजा करने से भय, नकारात्मकता और शत्रुओं से मुक्ति मिलती हैं। जानकी जयंती के दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखती हैं ।

# क्षेत्र की समस्याओं के समाधान करने पर विधायक का किया सम्मान

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी विधायक आवास पर रविवार को खेतड़ी के विभिन्न समाज के लोगों ने विधायक का माला पहनाकर सम्मानित किया। खेतड़ी की जन समस्याओं का समाधान करने पर विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर का सम्मान किया। ब्राह्मण समाज खेतड़ी अध्यक्ष प्रदीप कुमार सुरोलिया ने बताया कि विधायक द्वारा खेतड़ी की पेयजल समस्या को विधानसभा में उठाने, जल किल्लत के निस्तारण के लिए प्रभावी पहल करने तथा राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल में तीन चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्त करवाई जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ व हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग रखी, जिस पर विधायक ने सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुमावत समाज अध्यक्ष रामावतार वर्मा, गौड़ ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर चौकड़ी वाला, डॉ राघवेन्द्र पाल, चौथमल कुमावत, अमिताभ सुरोलिया, अनिरुद्ध शर्मा आदि मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190